हरिभूमि
# रायपुर भूमि





# जनरल कोच के पंखे बंद, यात्री ठसाठस गर्म हवाएं बना रही यात्रा को मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में हर दिन गर्मी का पारा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में ट्रेनों में सफर करना यात्रियों के लिए मुश्किल होने लगा है। गर्मी का तापमान प्लेटफॉर्म में जहां 38-40 डिग्री है, वहीं जनरल कोच में दोपहर के समय तापमान 40 डिग्री तक पहुंच जाता है। इसकी वजह बंद पंखे और यात्रियों की भारी भीड़ है। उमस से यात्रियों का हाल बेहाल है। तपती गर्मी में धूप बढ़ते ही जनरल कोच बेहद गर्म हो जाता है। 120 किलोमीटर की रफ्तार से जब ट्रेन दौड़ती है, तब गर्म हवा यात्रियों को झुलसाने लगती है। दोपहर से लेकर देर शाम के बीच ट्रेन का ⏭ शेष पेज 18 पर

» *तपती गर्मी में जनरल कोच में सफर मुश्किल पड़ने लगे लू के थपेड़े*

» *स्टेशन से लेकर ट्रेन तक पानी की कमी, यात्रियों को बोतल का भरोसा*

### हावड़ा की ट्रेनों में यात्री खचाखच

मंगलवार को मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। कोच में प्रवेश करते ही तन झुलसाने वाली उमस का आभास हुआ। एक लंबी सीट में 5 से 6 यात्री बैठे नजर आए। गर्मी से बचने यात्री बनियान पहनकर सफर करने मजबूर नजर आए। इसी तरह दोपहर को तिरुपति एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में भी यात्री लू से परेशान नजर आए। गर्म हवा ना आए इसलिए खिड़की में पर्दा लगाया हुआ था। वहीं कुछ यात्रियों ने लू के थपेड़ों से बचने चेहरा ढंकना ही मुनासिब समझा। सीटें फुल होने की वजह से अधिकतर यात्री खड़े खड़े ही सफर करते नजर आए।

हरिभूमि लाइव

### *गर्मी में वेटिंग हॉल भी फुल*

*गर्मी में यात्री वेटिंग हॉल फुल हो चुका है। यहां भी भारी भीड़ होने से गर्मी और उमस बढ़ गई है। यात्रियों ने अब प्लेटफार्म में आराम फरमाना शुरू कर दिया है। गर्मी से बचने यात्री अब हॉल के बाहर पंखे में आराम करने लगे हैं। मंगलवार को दर्जन से अधिक यात्री प्लेटफार्म में दोपहर को सोते नजर आए। दूसरी ओर एसी हॉल में सामान्य यात्रियों के चले जाने से हर दिन विवाद की स्थिति बन रही है।*

## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर दहशत फैलाते तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत तीन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। पहले मामले में आरोपी राजू तांडी वाटिका नगर कोटा का रहवासी है। 30 अप्रैल को वह मोहल्ले में बिजली ऑफिस के पास चाकू लेकर आम लोगों को दिखाकर डराते घूम रहा था। इसी प्रकार गुढ़ियारी पुलिस ने जगन्नाथ चौक के पास शशांक पांडेय निवासी सत्यम विहार कॉलोनी को तथा सोहन साहू निवासी ग्राम पंचायत के सामने बाजार चौक रायपुरा को शुक्रवारी बाजार के पास खुखरीनुमा चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी भी लोगों को चाकू दिखाकर डराते घूम रहे थे। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### 35 पौवा शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर क्षेत्र के चंगोराभाठा इलाके में पुलिस ने एक कोचिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी मंटू देवांगन निवासी



चंगोराभाठा के पास से पुलिस ने 35 पौवा देशी शराब जब्त की है, जिसका मूल्य 3 हजार 850 रुपए है। आरोपी शराब बिक्री करने के लिए रखी थी। पुलिस ने इस मामले में धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### जायदाद के विवाद पर मां को किया जख्मी

**रायपुर।** जायदाद का हिस्सा नहीं देने पर बेटे ने मां को जख्मी कर दिया। आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मोहबाबाजार में रहने वाली 70 वर्षीय मुन्नी बाई चक्रधारी की शिकायत पर उसके बेटे जीतेंद्र चक्रधारी के खिलाफ दर्ज किया गया है। आरोपी के हमले से वृद्धा को गंभीर चोट आई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### ऑटो पलटने से वृद्धा की मौत, चालक पर केस

**रायपुर।** लापरवाही से आटो चलाने की वजह से एक वृद्धा की जान चली गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। 65 साल मृतका चांदा देवी बंजारे ग्राम गोढ़ी की रहने वाली थी। वह आरोपी ऑटो क्रमांक सीजी04 पीक्यू-9602 में सवार होकर कहीं जा रही थी। भानसोज और नारा के बीच अचानक ऑटो पलट गया, जिससे वृद्धा को गंभीर चोट आई और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### बिना कारण मारपीट 3 के विरुद्ध केस दर्ज

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने मारपीट मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी अविनाश मसूरकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 अप्रैल को रात करीब 12 बजे आरोपी दीपांकर वैद्य, कपिल साकरे एवं धम्मूराम टेके ने बिना कारण पहले उसके साथ विवाद किया। इसके बाद सभी ने मिलकर हाथ-मुक्का और ईंट से उसे मारकर चोट पहुंचाई।

पूछताछ के लिए ईओडब्लू बुलाया गया था, वहीं पहुंचे ईडी के अफसर, साथ ले गए

# कस्टम मिलिंग घोटाले में मार्कफेड के पूर्व एमडी सोनी को ईडी ने दबोचा, 5 दिनों की मिली रिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में ईडी ने मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी को गिरफ्तार कर मंगलवार को विशेष कोर्ट में पेश किया। ईडी ने कोर्ट से मनोज सोनी को पूछताछ के लिए 14 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 5 दिन की रिमांड दी है। इस तरह मनोज सोनी आगामी 4 मई तक ईडी की हिरासत में रहेंगे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में करोड़ों का हुआ कस्टम मिलिंग घोटाला मामले के मास्टर माइंड रोशन चंद्राकर से सोमवार को ईओडब्ल्यू की टीम ने अपने दफ्तर में पूछताछ की थी। इस दौरान ईओडब्ल्यू ने मनोज सोनी को भी पूछताछ के लिए बुलाया था। ईओडब्ल्यू की पूछताछ के बाद ईडी की टीम ने ईओडब्ल्यू के दफ्तर से ही मनोज सोनी को हिरासत लिया और उसे अपने साथ सब जोनल ऑफिस ले आई। ईडी का आरोप है कि राज्य में करोड़ों के कस्टम मिलिंग घोटाला में मनोज सोनी ने करोड़ों की अवैध वसूली की है। इस वसूली में कई अन्य अफसर एवं मिलर्स ऐसोसिएशन के पदाधिकारियों के भी शामिल होने का अंदेशा है। ईडी रिमांड के दौरान अवैध वसूली के साथ इसमें कौन-कौन हिस्सेदार व संलिप्त हैं, इन सारे सवालों का जवाब जानने मनोज सोनी से पूछताछ करेगी।

### कस्टम मिलिंग में करोड़ों की अवैध वसूली का आरोप

#### ईडी ने 6 माह पहले मारा था छापा

जानकारी के अनुसार ईडी ने अपने ऑफिशियल अकाउंट में लिखा था कि कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में टीम ने 20 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ में मार्कफेड के पूर्व एमडी, छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स संगठन के कुछ पदाधिकारियों तथा कस्टम मिलिंग और राइस मिलर्स से जुड़े लोगों के घर पर जांच की थी। इस जांच में कई ऐसे सुराग मिले थे, जिसके कारण ईडी ने अब मनोज सोनी को गिरफ्तार कर उसे रिमांड पर लिया है।



#### बिल पास कराने ली थी रिश्वत

ईडी के अधिवक्ता डा. सौरभ पांडेय ने बताया कि ईडी की जांच में पता चला है कि मार्कफेड में चावल का कस्टम मिलिंग करने के लिए पूर्व एमडी मनोज सोनी रिश्वत लिया करता था। चावल की मीलिंग का बिल मार्कफेड पास करता है। इसके लिए मनोज सोनी 20 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिल पास कराने के लिए रिश्वत लेता था। कुछ मिलरों ने इसकी पुष्टि भी की है। जांच में अब तक करीब 140 करोड़ की रिश्वत लिए जाने की बात सामने आई है। जांच अभी जारी है, इसलिए ईडी ने पूछताछ करने मनोज सोनी को रिमांड पर लेने के लिए 14 दिन के लिए अर्जी लगाई थी, पर कोर्ट ने 4 मई तक रिमांड अवधि को मंजूरी दी है।

## महादेव सट्टा एप केस में 5 आरोपी कोर्ट में पेश

2 न्यायिक रिमांड पर जेल, 3 को 4 तारीख तक लिया रिमांड पर

**रायपुर।** महादेव सट्टा ऐप मामले में ईओडब्ल्यू ने पूछताछ के बाद मंगलवार को 5 आरोपियों को एसीबी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। इनमें से दो आरोपी राहुल वकटे और रितेश यादव को 14 दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है, वहीं चंद्रभूषण वर्मा, सतीष चंद्राकर और सुनील दम्मानी को 4 मई तक रिमांड पर ईओडब्ल्यू को सौंपा गया है। ईओडब्ल्यू ने आरोपियों को रिमांड पर लेने के लिए अर्जी लगाई थी, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दी। ⏭ शेष पेज 18 पर

#### 25 सौ पन्नों का चालान पेश

महादेव सट्टा ऐप मामले में ईडी ने 25 सौ पन्नों का तीसरा पूरक चालान कोर्ट में पेश किया है। इसमें 25 लोगों को आरोपी बनाया है, जिसमें दो गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी जेल में बंद हैं। आरोप पत्रों में 8 आरोपियों, सट्टेबाजी और हवाला के लेनदेन से जुड़ी 17 कंपनियों के नाम शामिल हैं। आरोप पत्र में एजेंसी ने गिरीश व सूरज के साथ हरिशंकर ⏭ शेष पेज 18 पर

#### 19 लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज

एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू ने ईडी के प्रतिवेदन पर 4 अप्रैल को महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में 19 लोगों के विरुद्ध नामजद अपराध पंजीबद्ध किया है।

## सेवानिवृत्ति के दिन ही डीन से डीएमई बनाए गए डॉ. दत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रभारी चिकित्सा शिक्षा संचालक के रूप में 32 माह तक सेवा देने वाले डॉ. विष्णु दत्त को रिटायर होने से पहले बतौर डीएमई पदोन्नत किया गया है। शासन द्वारा उनकी सेवानिवृत्ति के दिन ही पदोन्नति आदेश जारी किया।

डॉ. विष्णु दत्त डीएमई की जिम्मेदारी संभालने के पूर्व रायपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिस पद की जिम्मेदारी संभाली, उनका उद्देश्य छात्र और मरीज हित में रहा। प्रभारी डीएमई रहते हुए चिकित्सा शिक्षा को अधिक बेहतर बनाने के लिए उन्होंने प्रयास किए। उनके नेतृत्व में राज्य में तीन शासकीय मेडिकल कॉलेज भी प्रारंभ हुए। डॉ. विष्णु दत्त ने रायपुर मेडिकल कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की थी, इसके बाद वे इंदौर के चिकित्सा महाविद्यालय में रेडियो डायग्नोसिस विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर का कार्य किया। राज्य विभाजन के बाद वे छत्तीसगढ़ आकर आंबेडकर अस्पताल के रेडियो डायग्नोसिस विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। कुछ समय तक वे डीके अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक भी रहे। वर्ष 2015 में बिलासपुर, 2019 में अंबिकापुर तथा 2020 में रायपुर मेडिकल कॉलेज के डीन रहे। 1 अगस्त 2021 को उन्होंने प्रभारी डीएमई की जिम्मेदारी संभाली और 30 अप्रैल 2024 को नियमित डीएमई बनकर सेवानिवृत्त हो गए।



■ बतौर प्रभारी डीएमई 32 माह से दे रहे थे सेवा

#### कौन होगा नया डीएमई?

डॉ. विष्णु दत्त के सेवानिवृत्त होने के बाद डीएमई पद के लिए नए चेहरे पर चर्चा शुरू हो गई है। शासन की ओर से इस पद पर फिलहाल किसी की नियुक्ति नहीं की गई है। वरिष्ठता के हिसाब से इस पद के लिए जगदलपुर के डीन डॉ. यूएस पैंकरा का नाम सबसे आगे है।

## डोंगरगढ़ सर्वाधिक गर्म बिलासपुर दुर्ग के बाद रायपुर का टेंप्रेचर हाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अप्रैल के अंतिम दो दिनों में गर्मी ने अपना तेवर दिखाया है और मई के अगले पांच दिनों तक इसमें बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। मंगलवार को डोंगरगढ़ सर्वाधिक गर्म रहा, जिसके बाद बिलासपुर, दुर्ग और चौथे नंबर पर रायपुर में 42 डिग्री की गर्मी रही। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक मई के पांच दिनों के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं होगा, मगर गर्मी अपना असर दिखाती रहेगी। मंगलवार को तेज और ⏭ शेष पेज 18 पर

■ अगले पांच दिनों तक झेलनी पड़ेगी गर्मी

#### मई का रिकार्ड 46.2 डिग्री

मई का महीना गर्मी का पीक माना जाता है। इस महीने वर्ष 2015 में रायपुर का सर्वाधिक तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इसके बाद वर्ष 2019 में पारा 45.8, वर्ष 2017 में 45.6, वर्ष 2020 में 45.4, वर्ष 2014 में 45.3, वर्ष 2022 में 44.6, वर्ष 2016 में 44.1, वर्ष 2018 में 43.8, वर्ष 2023 में 43.2 तथा वर्ष 2021 में 42.2 डिग्री दर्ज किया गया।

## एम्स में चिकित्सा छात्रों के बाइक-कार पर बैन, साइकिल या पैदल आना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) परिसर में चिकित्सा छात्रों द्वारा बाइक-कार के उपयोग पर बैन लगा दिया गया है। छात्रों की सेहत और पढ़ाई पर फोकस करने के लिए प्रबंधन की तरफ से यह निर्देश जारी किया गया है। इसके साथ चिकित्सा छात्रों की कक्षाओं में 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य की गई है, नहीं तो उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।

एम्स के कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने कालेज कैंपस में यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। ज्यादातर चिकित्सा छात्र कालेज आने के लिए दोपहिया अथवा चारपहिया वाहनों का उपयोग करते हैं। इसकी वजह से वायु प्रदूषण भी बढ़ता है। छात्रों को सेहतमंद रखने के लिए उन्हें कालेज परिसर में साइकिल का उपयोग करने अथवा पैदल आवाजाही करने पर जोर दिया गया है। साथ ही चिकित्सा छात्रों को नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने पर जोर दिया गया है। नियमित रूप से कक्षाओं में शामिल नहीं होने की वजह से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। इसके साथ ही अगर कक्षाओं में उनकी उपस्थित 75 प्रतिशत से कम होती है, तो उन्हें डिटेन भी किया जा सकता है।

■ छात्रों के स्वास्थ्य हित और पढ़ाई पर फोकस रखने जारी हुआ निर्देश

■ कक्षाओं में 75 फीसदी उपस्थिति नहीं तो छात्र परीक्षा से होंगे वंचित




#### छात्रों में मारपीट, तीन छात्रों पर कार्रवाई

कार्यपालक निदेशक की उपस्थिति में सोमवार को एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक भी हुई थी। बैठक में कुछ महीने पहले द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों के बीच मारपीट के मामले में तीन छात्रों को छह माह के लिए हास्टल से बाहर कर दिया गया है। साथ ही उन पर दस-दस हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। शुरुआती दौर में इसे रैगिंग का मामला माना जा रहा था, मगर जांच पड़ताल के बाद इसे आपसी विवाद करार दिया गया था।

## कुएं से पानी निकालते पैर फिसला, महिला की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कुंए में गिरकर डूबने से एक महिला की मौत हो गई। घटना मंगलवार को सुबह करीब 10.30 बजे आजाद चौक थाना क्षेत्र के अवधियापारा की है। बताया जा रहा है कि महिला अपने बच्चे को नहलाने के लिए कुंए से पानी निकाल रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह कुंए के अंदर जा गिरी, जिससे उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई।

आजाद चौक पुलिस के अनुसार रितु शर्मा ने सुबह करीब 10.30 बजे अपने 6 वर्षीय इकलौते पुत्र को नहाने के लिए कहा। घर की टंकी का पानी तेज धूप ⏭ शेष पेज 18 पर

■ आजाद चौक थाना क्षेत्र के अवधियापारा की घटना



#### घटना के समय घर पर नहीं था पति

पुलिस के अनुसार घटना के समय मृतका रितु का पति प्रकाश घर पर नहीं था। वह काम पर गया हुआ था। मोहल्लेवासियों ने उसे फोन पर घटना की जानकारी दी।

सत्र गुजरा, लेकिन छात्रों को नहीं मिल सका ट्रैक सूट और ब्लेजर

# ट्रैक सूट के लिए टेंडर निकाला, लेकिन ऑर्डर देना ही भूल गया रविवि, खिलाड़ियों को पुराने कपड़ों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छात्रों को लेकर पं.रविशंकर शुक्ल विवि की उदासीनता बढ़ती ही जा रही है। इस बार रविवि की लापरवाही का खामियाजा खिलाड़ियों को भुगतना पड़ा है। रविवि द्वारा प्रत्येक वर्ष खिलाड़ी छात्रों को ट्रैक सूट प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर विवि का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को ब्लेजर भी विवि द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। इस बार छात्रों को ना तो ट्रैक सूट प्रदान किए गए और ना ही ब्लेजर उन्हें दिया गया। मौजूदा सत्र में इसके लिए 80 लाख रुपए का प्रावधान किया गया था। सत्र समाप्त होते ही यह बजट लैप्स हो जाएगा।

दरअसल रविवि द्वारा प्रत्येक वर्ष इसके लिए टेंडर किया जाता है। सामान्यतः सत्र के शुरुआत में ही रविवि इसके लिए टेंडर निकालता है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए भी पिछले वर्ष अगस्त में रविवि द्वारा टेंडर संबंधित प्रक्रिया प्रारंभ की गई। ⏭ शेष पेज 18 पर

हरिभूमि सरोकार

### 80 लाख का था प्रावधान, जून में खत्म हो जाएगा रविवि का सत्र

#### पुराने कपड़ों का सहारा

इंटर-कॉलेज सहित कई स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं होती हैं। रविवि द्वारा सामान्यतः प्रतिवर्ष एक हजार ट्रैकसूट तथा 250 से 300 ब्लेजर तैयार कराए जाते हैं। खिलाड़ियों की संख्या इसके आस-पास ही होती है। बड़े स्तर पर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्रों को पुराने वर्षों के कपड़े ही थमा दिए गए। कई छात्र ⏭ शेष पेज 18 पर



#### आधे छात्रों को ही मिला

हमारे महाविद्यालय के आधे खिलाड़ी छात्रों को ही ट्रैक सूट मिल सका है। कारण हमें नहीं बताया गया। खिलाड़ी छात्र वैसे भी कम होते हैं, जो हैं उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। इस तरह की अनदेखी से मनोबल टूटता है।


- **डॉ. देवाशीष मुखर्जी**, प्राचार्य महंत कॉलेज

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


जीवेत
शरदः
शतम्
छ.ग. पी.डी.एस. संघ रायपुर
की ओर से आदरणीय
मा. बृजमोहन अग्रवाल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
नरेश बाफना
अध्यक्ष, छ.ग. पी.डी.एस. संचालक संघ
रायपुर
विनीत: नरेश बाफना, रायपुर (छ.ग.)


जीवते् शरदः शतम्
आसमान छूने के हौसले जिनमें
जनता की भावनाओं को
जो देता है अंजाम
बुलंदियो के उस नायक
को करता जन-जन नमस्कार
अमीर हो या गरीब
बृजमोहन अग्रवाल
सबके करीब
जन्मदिन पर
हार्दिक अभिनंदन...
SB GROUP RAIPUR - MUMBAI
ATUL

हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 1 मई 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937






## सोशल लाइव

# रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी से हो सकते हैं गंभीर इंफेक्शन

**रायपुर।** प्राथमिक रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी की वजह से होने वाले इंफेक्शन और रोगों की रोकथाम के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में राष्ट्रीय सीएमई आयोजित की गई। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने 500 से अधिक प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी के नियंत्रण के लिए शीघ्र जांच करने और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने पर जोर दिया। बायोकैमिस्ट्री विभाग के तत्वावधान में आयोजित सीएमई का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने कहा कि प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी एक चुनौती है। इसके निदान के लिए डेटा रजिस्ट्री की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गंभीर रोगों की जानकारी और उनके निदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर रजिस्ट्री बनाए जाने की आवश्यकता होती है, जिससे डेटा एकत्रित कर शोध और अनुसंधान किया जा सके।



### चंडीगढ़ से शामिल हुए विशेषज्ञ

विभागाध्यक्ष डॉ. एली मोहपात्रा ने कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता के पूर्णतः कार्यशील न होने या अनुपस्थित होने की स्थिति में रोगियों को 500 प्रकार की प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी हो सकती है। इससे रोगी को दुर्लभ बीमारियां भी हो सकती हैं। इसी विषय पर जागरूकता के लिए सीएमई आयोजित की जा रही है। सीएमई में भाग लेने वाले विशेषज्ञों ने कहा कि प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी की वजह से कई इंफेक्शन हो सकते हैं जिनकी पहचान कर उपचार की आवश्यकता होती है। ऐसा न होने पर इसका असर रोगी के विभिन्न अंगों पर पड़ सकता है। इसके लिए प्राथमिक स्तर पर पहचान करना जरूरी होता है। चंडीगढ़ के डॉ. अमित रावत, डॉ. मनप्रीत धालीवाल सहित एम्स रायपुर के डॉ. जॉयदीप सामंता, डॉ. सिमरन सयाल ने इम्यूनोडेफिसिएंसी के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्लिनिकल बायोकैमिस्ट्री में विशिष्ट योगदान के लिए आयुष विवि के कुलपति प्रो. पी.के. पात्रा को सम्मानित किया गया।

## सिटी लाइव

# हमेशा रखें सीखने का नजरिया



**रायपुर।** अग्रसेन महाविद्यालय एवं महंत कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में "रिसर्च प्रस्तुतियों में नवीन तकनीक" विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हुई। समापन समारोह में पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि के कुलपति प्रो. बंशगोपाल सिंह ऑनलाइन शामिल हुए। दुर्ग विवि की कुलपति डॉ.अरुणा पल्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्रो. सिंह ने कहा, वर्तमान समय में शोध अध्ययन की तकनीक में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। सूचना तकनीक और कृतिम बुद्धि के उपयोग से श्रेष्ठ स्तर का शोध पत्र लिखने में निश्चित ही मदद मिलती है। शोध प्रबंध एवं शोध पत्र की प्रस्तुति में अंतर होता है। रिपोर्ट की प्रस्तुति में भी आधुनिक तकनीक सहायक हो सकती है। रिपोर्ट की विषय-वस्तु का स्तरीय होना आवश्यक है।

### नवीनता संग प्रयोग का समावेश

दुर्ग विवि की कुलपति डॉ.अरुणा पल्टा ने कहा कि समय के साथ शोध की प्रस्तुति के लिए नई प्रविधियों और तकनीकों की उपयोगिता बहुत अधिक हो गई है। प्रस्तुति में बहुत ज्यादा तकनीक पर ध्यान देने से कई बार शोध का विषय गौण हो सकता है। आजकल शोध की प्रस्तुति में नवाचार के लिए विभिन्न सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल होने लगा है। प्रस्तुति की तकनीक चाहे जो भी हो, लेकिन इसमें नवीनता और प्रयोग का समावेश अवश्य होना चाहिए। साथ ही हमेशा सीखते रहने का नजरिया रखने से भी प्रस्तुति बेहतर होती है। रविवि में प्रबंध अध्ययनशाला के अध्यक्ष डॉ.एके श्रीवास्तव, महंत कॉलेज के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी, अग्रसेन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.युलेन्द्र कुमार राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कैंपस लाइव

# शिक्षकों ने पालकों को दिलाई शपथ



**रायपुर।** राजधानी में तीसरे चरण के अंतर्गत 7 मई को मतदान किए जाएंगे। इसके पहले लोगों को जागरुक करने विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में छत्रपति शिवाजी स्कूल के पुरानी बस्ती और प्रोफेसर कालोनी शाखा में पालकों को शपथ दिलाई गई। यहां मंगलवार को विभिन्न कक्षाओं के परिणामों की घोषणा की गई। परिणाम लेने बच्चे अपने अभिभावक संग पहुंचे रहे। इस दौरान ही उन्हें शत फीसदी मतदान के लिए प्रेरित किया गया। आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी.स्वामी, माशिम सदस्य परसराम बोहरा, बालाजी विद्या मंदिर की प्राचार्य डॉ.फेनी सहित शिक्षकों ने यह शपथ दिलाई।

### 15 वर्षों में एक भी दिन छुट्टी नहीं

इस अवसर पर सैकड़ों अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यार्थी आकाश सोनकर, मेघा सोनकर और काव्यांश देवांगन को पिछले 15 वर्षों में स्कूल से एक भी छुट्टी ना लेने के उपलक्ष्य में उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। गर्मी को देखते हुए पक्षियों को दाना-पानी देने के उद्देश्य से अभिभावकों को निःशुल्क सकोरा वितरित किया गया। स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्य द्वय नफीसा रंगवाला, रशीदा फजली, निर्मला बिसेन, पार्वती देवांगन सहित समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा।

● मजदूरी बन गई मजबूरी, चावड़ी में हर दिन घंटों इंतजार के बाद मिलता है एक काम

# चावड़ी में काम की तलाश में गुजर गईं मजदूरों की पीढ़ियां, दशकों मजदूरी के बाद भी नहीं सुधरे हालात

**रोज कमाओ, रोज खाओ और अगर एक दिन कमाई न हो तो भूखे पेट भी सो जाओ, कभी घंटों इंतजार तो कभी काम का अभाव... इस तरह का जीवन हर दिन एक मजदूर जीता है। यह शब्द भी उनके ही है। समाज में मजदूर को निम्न वर्ग के रूप में देखा जाता है, लेकिन उनके भीतर प्रतिभाएं अधिक हैं। वे सभी तरह के काम करने में निपुण हैं।**



**रायपुर।** मजदूर दिवस पर हरिभूमि ने शहर के ऐसे मजदूरों से बातचीत कि जिनकी तीन से चार पीढ़ी मजदूरी में गुजर गई। चावड़ी में रोजाना 150 से अधिक मजदूर सुबह 6 बजे से पहुंच जाते हैं, जिनमें से लगभग 80 लोगों को 11 बजे तक काम मिल जाता है और बाकि लोगों को मजदूरी के लिए घंटों धूप में इंतजार करना पड़ता है।

सरोना निवासी हेमंत निषाद ने बताया, काम की तलाश में रोज सुबह 5 बजे साइकिल से चावड़ी आता हूं और रात को फिर 9 बजे तक घर पहुंचता हूं। यह दिनचर्या 25 सालों से चली आ रही है। हमारी तीन पीढ़ी मजदूरी कर घर-परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा कर रही है। पिता 100 रुपए में मजदूरी करते थे और आज मैं 450 में करता हूं, लेकिन हमारी स्थिति आज भी वही है, जो पिता के समय थी। उनका कहना है कि हमारे घर में केवल पुरुष ही मजदूरी करते हैं। दादी, मां और पत्नी कभी काम ही तलाश में चावड़ी नहीं आईं। मैंने 17 साल की उम्र से मजदूरी करना शुरू किया था।

### एक टाइम खाते हैं खाना



चावड़ी में काम की तलाश में आने वाले ज्यादातर मजदूर 9 घंटे के काम में केवल एक टाइम ही खाना खाते हैं। मजदूर श्रीधर बंजारे का कहना है कि जब लगातार दो दिन काम नहीं मिलता है, तो नींद भी मुश्किल से आती है। एक दिन निकलने के बाद दूसरे दिन काम मिलेगा या नहीं इसकी चिंता बनी रहती है। काम की तलाश में घंटों बीत जाते हैं, लेकिन काम ही नहीं मिलता है। सरकार को मजदूर हित में फैसला लेना चाहिए। वरना किसानों की तरह मजदूर भी आत्महत्या करने लगेंगे। 50 साल से अधिक मजदूरी करने के बाद भी आर्थिक स्थित मजबूत नहीं हुई है।

### पैसे के अभाव में गुजर रहे दिन



कुम्हारी निवासी मनीष रात्रे का कहना है कि 15 सालों से मजदूरी कर रहे हैं। पिता समेत भाई और पत्नी भी मजदूरी करते हैं। उनका कहना है कि एक दिन की मजदूरी 450 होती है, लेकिन हर व्यक्ति हमें इतनी मजदूरी नहीं दे पाते हैं। इसलिए कभी-कभी कम पैसे में भी अधिक काम करना पड़ता है। हमारा जीवन ऐसा है कि अगर काम नहीं मिला तो दूसरे दिन उधार मांगने की नौबत आ जाती है। चार पीढ़ी मजदूरी में गुजर गई, लेकिन पैसों का अभाव आज भी बना हुआ है। उन्होंने बताया कि जब चावड़ी में आया था उस वक्त मजदूरी में कैसा काम किया जाता था यह भी नहीं मालूम था, लेकिन जीवन में पैसों के अभाव ने आज सभी तरह के काम सीखा दिए हैं। चावड़ी में यह बिल्कुल नहीं कह सकते हैं कि यह काम मुझे नहीं आता। चावड़ी में आने वालों को घर बनाने से लेकर बिल्डिंग तोड़ने और घर के बिजली व अन्य जरूरी काम आते हैं।

### बच्चों को अच्छी शिक्षा देना पहली प्राथमिकता



चावड़ी में मजदूरी की तलाश में पहुंचे खेलावन साहू का कहना है कि चार पीढ़ी से हम चावड़ी में रोज काम की तलाश में आते हैं। महीने में 6 से 7 दिन ऐसे भी होते हैं, जब कोई काम नहीं होता है। ऐसे दिनों में घर की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो जाता है। उनका कहना है कि पीढ़ी दर पीढ़ी मजदूरी के बाद भी आज भी किराए के घर में रहते हैं। 8 से 9 घंटे की मजदूरी से केवल घर ही चलता है। बच्चों की ख्वाहिश और सपनों को पूरा करना आज भी हमारे लिए मुश्किल कार्य बना हुआ है। वे बताते हैं कि परिवार में 6 सदस्य हैं। पत्नी भी साथ में मजदूरी करती है। हमारी पहली प्राथमिकता बच्चों को बेहतर शिक्षा देना है, ताकि हमारी नई पीढ़ी को मजदूरी न करनी पड़े।

# लक्ष्मी बनी मिसेज रायपुर, पकवानों के जरिए हेल्थ टिप्स

**रायपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर और लायंस क्लब रायपुर के तत्वावधान में हुए 'टैलेंट का महायुद्ध' में बाल कलाकारों ने अपने हुनर से धूम मचाई। महाराष्ट्र मंडल के सहयोग से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों में मिसेज व मिस रायपुर बनने के लिए होड़ मची रही। लक्ष्मी जिल्हारे को मिसेज रायपुर घोषित किया गया। वहीं मुस्कान अग्रवाल मिस रायपुर बनीं। अंबुजा सिटी सेंटर माल में आयोजित 'टैलेंट का महायुद्ध' में मिस्टर रायपुर का खिताब आदर्श शुक्ला ने अपने नाम किया। विविध स्पर्धाओं में शहर के कोने-कोने से पहुंचे हुनरमंदों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों की उपस्थिति में गायन, नृत्य, किड्स फैशन शो, व्यंजन प्रतियोगिता एवं रैंप शो के प्रतिस्पर्धियों ने अपनी अनोखी प्रस्तुति ने मनोरंजन किया और चौंकाया भी।





कलिंगा यूनिवर्सिटी से पहुंचे विद्यार्थियों ने अपने आकर्षक और अद्वितीय रैंप शो के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया। सभी वर्ग के विजेताओं और प्रतिभागियों को अंत में आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप गांधी रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. संयुक्ता गांधी, स्मिता पांडे, डॉ.नीता शर्मा और मोनिका साहू शामिल रहीं। संचालन आयोजक अनिल जोतसिंघानी ने किया।

### गायन में अभास व हार्दिक विजेता

डांस स्पर्धा में 'औरा ग्रुप' प्रथम और 'वर्णिका ग्रुप' रनरअप रहा। वहीं सिंगिंग में अभास और हार्दिक विजेता रहे। रनरअप प्राइज युवराज-धारांजय को मिला। लक्ष्य शर्मा को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया। किड्स फैशन शो में निरविका अम्लानी प्रथम रहीं। ललिना डोडवानी दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं भाविका चंद्राकर, सौम्या राघवानी और इनाय नानवाली को स्पेशल प्राइज दिया गया। व्यंजन स्पर्धा में सौदामिनी बर्वे प्रथम रहीं। गीता कृष्णानी, कविता तनवानी और आनंदी छुगानी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# इसरो दे रहा है रविवि में ट्रेनिंग गृहणियां भी हो सकती हैं शामिल

**रायपुर।** इसरो अर्थात इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन द्वारा रविवि में ऑनलाइन स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी जागरूकता ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण 24 अप्रैल से 10 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इसका अनावरण इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथन द्वारा किया गया था। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य सभी लोगों में अंतरिक्ष के प्रति रुचि जागृत करना है। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में सभी वर्ग के लोग चाहे वह महाविद्यालयीन विद्यार्थी हो या कर्मचारी हिस्सा ले सकते हैं। गृहणियां तथा स्कूली छात्र भी इसका हिस्सा बन सकते हैं।

इस प्रोग्राम में सभी प्रकार के इंजीनियर ने अपने-अपने फील्ड से संबंधित जानकारी दे रहे हैं। इसमें स्पेस विज्ञान, सोलर सिस्टम आदि शामिल है। रविवि की डॉ.कविता ठाकुर ने कहा, यह इसरो द्वारा आम जनता को भी स्पेस संबंधित विभिन्न जानकारी से अवगत कराने का एक अनोखा प्रयास है। इसमें पीपीटी के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की जा रही है।



### सूर्य की संरचना ने किया उत्साहित

शुरुआती दिनों में प्रोफेसर अर्नब राय ने प्रतिभागियों को सूर्य संबंधित जानकारी दी। इसमें सूर्य की संरचना के बारे में बताया गया। डॉ. पी. सेंथिल कुमार द्वारा पृथ्वी के भौगोलिक इतिहास तथा इसके बनने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। डॉ. नीरज श्रीवास्तव चंद्रमा से संबंधित जानकारी प्रदान की। इसकी उत्पति कैसे हुई, इसमें भविष्य में क्या खोज की जा सकती है आदि चीजों के बारे में उन्होंने बताया।

मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य पर कार्यशाला, देशभर से विशेषज्ञ हुए शामिल

कार्नर न्यूज

# चिकित्सा शिक्षा में प्रैक्टिकल पर करें फोकस, प्रसव संबंधित उपचार में इससे मिलेगी मदद, तकनीक से रहें अपडेट

**रायपुर।** इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरीनेटोलॉजी एंड रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी द्वारा वीआईपी रोड स्थित एक निजी होटल में राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान विविध कार्यशाला रखी गई। इसमें एनेस्थीसिया, बाल चिकित्सा, रेडियोलॉजी के साथ-साथ प्रसूति और स्त्री रोग विज्ञान जैसे टॉपिक शामिल रहे। व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से मातृ और नवजात स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रयास किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी पं.जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ.तृप्ति नगरिया और स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल द्वारा की गई।

डॉ. सरिता अग्रवाल और डॉ. सुप्रिया गुप्ता ने कार्यशाला में चिकित्सकों को एडवांस सिम्युलेटर के विषय में जानकारी दी। इसे हैदराबाद से विशेष रूप से मंगाया गया था। उन्होंने बताया, मातृ स्वास्थ्य का ध्यान रखने आपात स्थितियों में इसे प्रयोग कर सकते हैं। डॉ. तृप्ति नगरिया एवं डॉ.ज्योति जायसवाल ने प्रसव प्रबंधन तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली तकनीकों को साझा किया। डॉ.अरूप माझी, डॉ.नारायण जाना, डॉ. हीरालाल कोनार, डॉ. स्मृति और डॉ. तबस्सुम भी इसका हिस्सा रहे।



### ऑनलाइन ले सकते हैं प्रशिक्षण

*कार्यशाला के सभी सत्रों को ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चिकित्सक इससे संबंधित जानकारी ले सकते हैं। डॉ. जया लालवानी के नेतृत्व में एनेस्थीसिया विभाग ने लेबर एनेस्थीसिया तकनीक, दर्द रहित प्रसव के तरीकों को सिखाने और प्रसव के दौरान रोगी के आराम को बढ़ाने पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की। नागपुर एम्स से आए विशेषज्ञों ने भी अपने अनुभव साझा किए। आगे भी इन सत्रों को जारी रखा जाएगा, ताकि चिकित्सक तकनीकी जानकारी का आदान-प्रदान कर सकें।*

### लेबर रूम में होते हैं प्रोटोकॉल



डॉ. ओंकार खंडवाल और डॉ. आकाश लालवानी ने नवजात पुनर्जीवन पर प्रशिक्षण प्रदान किया। छत्तीसगढ़ में पहली बार इंटरवेंशनल सोनोग्राफी प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रो.आनंद जयसवाल और डॉ. विनीता सिंह के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण हुआ। इसके अलावा लेबर रूम प्रोटोकॉल के विषय में भी जानकारी प्रदान की गई। स्नातक शिक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने पर विशेषज्ञों ने जोर दिया।

# डिजिवर्सिटी में रहेंगी तकनीकी विवि की सभी किताबें, प्रदेश के इंजीनियरिंग छात्र कर सकेंगे अध्ययन

## सीएसवीटीयू ने छात्रों के लिए शुरू की सुविधा, संबद्ध महाविद्यालयों को ही लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ लॉग-इन आईडी और पासवर्ड के जरिए ले सकेंगे लाभ, जारी की गई अधिसूचना

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के छात्रों को अब ई-लाइब्रेरी का फायदा मिल सकेगा। सीएसवीटीयू ने ई-लाइब्रेरी की सुविधा प्रारंभ कर दी है। इस संदर्भ में अधिसूचना भी विवि द्वारा जारी कर दी गई है। विवि द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि सीएसवीटीयू से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए ई-लाइब्रेरी सुविधा, सीएसवीटीयू वेबसाइट के डिजिवर्सिटी पोर्टल में उपलब्ध करा दी गई है। तकनीकी विवि के अंतर्गत आने वाले प्रदेशभर के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के छात्र इस पोर्टल के अंतर्गत उपलब्ध किताबों का अध्ययन कर सकेंगे। केवल विवि के इंजीनियरिंग छात्रों को ही इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए छात्रों को लॉग-इन आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल करना होगा। इसके बाद छात्र अपने कंप्यूटर अथवा लैपटॉप में इन किताबों का अध्ययन कर सकेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार,



ई-लाइब्रेरी में मौजूद अधिकतर किताबें इंजीनियरिंग से संबद्ध हैं। सामान्य ज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास की किताबों का भी लाभ छात्र उठा सकेंगे। मैकग्राफिल, पियर्सन एजूकेशन, कॉर्टेक्स्ट प्लेटफॉर्म जैसे पब्लिशर्स की भी किताबें उपलब्ध रहेंगी।

### करना होगा वन टाइम रजिस्ट्रेशन

ई-लाइब्रेरी का उपयोग करने के लिए अपनाई जा सकने वाली प्रक्रिया के संदर्भ में सीएसवीटीयू ने छात्रों को जानकारी प्रदान की है। इसके लिए छात्रों को सबसे पहले गूगल में जाकर सीएसवीटीयू की ई-लाइब्रेरी पोर्टल पर जाना होगा। छात्रों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। इसके बाद डिजिवर्सिटी पोर्टल के यूजर आईडी व पासवर्ड से स्टूडेंट लॉग-इन कर सकेंगे। ई-लाइब्रेरी में उपलब्ध सारे ई-बुक्स की सूची दिखाई देगी, उसमें से जिस ई-बुक को पढ़ना है उसके सामने दिए गए विकल्प पर क्लिक करके छात्र किताब पढ़ सकते हैं।

### यूटीडी के ही छात्रों को मिलता था लाभ

*विवि अध्ययनशाला में कई ऐसी किताबें हैं, जिनकी कीमतें हजारों रुपए में है। मध्यमवर्गीय छात्रों के लिए इन्हें खरीदी पाना मुश्किल होता है। विवि अध्ययनशाला की लाइब्रेरी में उपलब्ध किताबों का लाभ अध्ययनशाला में पढ़ने वाले छात्र ही उठा पाते थे। दूरस्थ क्षेत्रों के महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों तक ये किताबें नहीं पहुंच पाती थी। नई व्यवस्था से प्रदेशभर के सभी इंजीनियरिंग छात्रों को लाभ मिल सकेगा।*

# उत्साह के साथ मनाया विश्व सेवा-सत्संग दिवस



**रायपुर।** योग वेदांत सेवा समिति, रायपुर द्वारा वीआईपी रोड स्थित आश्रम 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस पर गरीब परिवार व जरूरतमंदों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही घरेलू उपयोग की जरूरत की सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन परिसर में आम जनता को भीषण गर्मी से बचाने निःशुल्क शीतल पलाश शरबत, छाछ का वितरण किया जा रहा है। यही नहीं, जलसेवा केन्द्र के माध्यम से प्यासों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। योग वेदांत सेवा समिति के प्रवक्ता रामा भाई ने बताया कि आज विश्व के सामने खड़ी अनेक समस्याओं का समाधान समाज की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने से ही संभव है। सद्गुरुदेव के अवतरण-दिवस को 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस के रूप में पिछले कई साल से साधक परिवार मनाता आ रहा है।

# मुख्य अभियंता पहुंचे सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड, कहा- डेढ़ दशक से दबे कूड़ा करकट का जल्द करें निष्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता यूके ढालेंद्र मंगलवार को सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे। वहां उन्होंने डेढ़ दशक से डंप शहरभर के कूड़ा करकट के वैज्ञानिक निष्पादन कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों को कचरे के निपटान में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अभियंता ने चंदनीडीह एसटीपी के साथ ही शहर के भीतर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने के कार्य का निरीक्षण किया।

दरअसल, सरोना बचाओ संघर्ष समिति की ओर से खारुन नदी के किनारे स्थित सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड पर एक अरसे से शहरभर का कूड़ा करकट डंप किये जाने पर ऐतराज जताते हुए इससे खारुन का पानी प्रदूषित होने की संभावना जताते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई गई। हाईकोर्ट की ओर से इस मामले में रायपुर नगर निगम को खारुन नदी के आसपास डंप कूड़ा करकट को एक निश्चित समय सीमा में वैज्ञानिक तरीके से निष्पादित कराने आदेशित किया गया। नगर निगम ने शपथपत्र देकर सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट के वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने जिम्मेदारी ली। इस कार्य के लिए राज्य शासन द्वारा रायपुर नगर निगम को 18 करोड़ 12 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई।

इस कार्य के लिए शुरू में चार बार हुये टेंडर में एक भी कंपनी ने निविदा भरने दिलचस्पी नहीं ली। पांचवीं बार हुये ऑनलाइन टेंडर में रायगढ़ की कंपनी को जून 2023 में वर्कआर्डर दिया गया। 18 माह की समय अवधि में अनुबंधित एजेंसी को यह पूरा करना है। चूंकि बारिश के दौरान 2 महीने तक कचरा निष्पादन का कार्य प्रभावित रहेगा, ऐसे में ठेका एजेंसी को काम में तेजी लाने के निर्देश दिये गये हैं। निगम के अधिकारियों ने मुख्य अभियंता को अवगत कराया कि अनुबंधित एजेंसी ने 3 मशीनें स्पॉट पर कचरा छंटाई के लिए लगाई हैं। मुख्य अभियंता ने चंदनीडीह एसटीपी का भी अवलोकन किया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू मौजूद थे।



### देवेन्द्र नगर के कचरा कलेक्शन पाइंट की व्यवस्था देखी

*नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के देवेन्द्र नगर इलाके में नारायणा सेकेंडरी कचरा कलेक्शन पॉइंट के अवलोकन के दौरान उन्होंने कार्य को संतोषजनक बताया। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ये हिदायत दी कि ऐसी व्यवस्था नियमित रूप से की जाए कि यहां सूखा और गीला कचरा अलग-अलग होकर ही आए।*

### सुंदर नगर के ओम सोसाइटी में सफाई व्यवस्था का अवलोकन

नगरीय निकाय के मुख्य अभियंता ने पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित सुंदर नगर की ओम सोसाइटी में सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शहर के हर घर से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लिया जाए, जिससे इनका सही तरीके से सेग्रीग्रेशन हो सके। इस दौरान शहरभर में गीला और सूखा कचरा कलेक्शन के कार्यों के संबंध में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही ने उन्हें अवगत कराया।

# रिटेल दवा दुकानों से भी होम डिलीवरी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन फार्मेसी की वजह से प्रभावित दवा कारोबार को बचाने के लिए रिटेल दवा व्यापारियों ने भी व्यवसाय के तरीके में बदलाव कर दिया है। दवा की खरीदी पर अब लोगों को होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है। दवा व्यापारियों के संगठन द्वारा सभी दुकानदारों को इसे लागू करने कहा गया है।

दवा कारोबारियों द्वारा ऑनलाइन फार्मेसी का लगातार विरोध किया जा रहा है। उनका तर्क है कि इसकी वजह से काफी समय से चला आ रहा दवा कारोबार प्रभावित हो रहा है। फार्मेसी कंपनियां ऑनलाइन आर्डर पर संबंधित दवा घर पहुंचाकर लोगों को उपलब्ध कराती हैं, जिसे अब दवा व्यापारी भी अपनाने लगे हैं। रिटेल दवा कारोबारियों को संगठन द्वारा घर पहुंचकर दवा सप्लाई की सुविधा ग्राहकों को दिए जाने पर जोर दिया गया है। साथ ही दवा दुकानों में ग्राहकों को अनावश्यक इंतजार से बचाने और गर्मी के दिनों पानी की व्यवस्था करने पर जोर दिया जा रहा है। कारोबारियों को अपनी दुकानों के सामने होम डिलीवरी की सुविधा का जिक्र करने भी निर्देशित किया गया है, ताकि आने वाले ग्राहक इसकी सुविधा ले सकें।

**ऑनलाइन फार्मेसी ने बदला ट्रेंड**




### ज्यादा सुविधा देने प्रयास

*ग्राहकों को ज्यादा सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। ऑनलाइन फार्मेसी की तरह रिटेल कारोबारियों द्वारा भी अब लोगों को घर पहुंच दवा उपलब्ध कराई जा रही है।*

**- संजय रावत, अध्यक्ष,**
रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ

### बड़ी संख्या में दवा दुकान

*सूत्रों के अनुसार राजधानी समेत प्रदेश में कोरोनाकाल के बाद बड़ी संख्या में दवा दुकानें खोली जा रही हैं। एक आंकड़े के अनुसार केवल राजधानी में एक हजार से अधिक छोटी-बड़ी दवा दुकानों का संचालन किया जा रहा है। बड़ी दवा दुकानों में आर्डर पर जरूरतमंदों को घर पहुंचाकर दवा उपलब्ध कराने की सुविधा दी जा रही है।*















## खबर संक्षेप

### बातचीत कर समस्या का हल चाहती है सरकारः शर्मा

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नारायणपुर में हुए नक्सली मुठभेड़ के संबंध में कहा, हमारे जवानों को खरोंच भी नहीं आई है। मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर जाकर ये ऑपरेशन किया गया है। ये बहुत बड़ी सफलता है। सफलता के लिए डीआरजी और एसटीएफ़ के जवान जिनकी संयुक्त पार्टी ने ये ऑपरेशन किया था, वो बधाई के पात्र हैं। मैं पुनः भटके हुए लोगों से आग्रह करता हूं कि विष्णुदेव की सरकार बातचीत के माध्यम से इस मसले का हल चाहती है। हर हाल में कोई एक नक्सली, कोई दो नक्सली, कोई छोटा ग्रुप या कोई बड़ा ग्रुप जो भी बात करना चाहे, बात कर सकते हैं।

### भाजपा का बुद्धिजीवी सम्मेलन कल, आएंगे तावड़े

**रायपुर।** भाजपा ने गुरुवार को राजधानी रायपुर में एक महत्वपूर्ण



बुद्धिजीवी सम्मेलन विजन ऑफ विकसित भारत, 2047 का भारत का आयोजन किया है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े मुख्य अतिथि होंगे। इस सम्मेलन में सीए, डॉक्टर, अर्थशास्त्री, व्यापारी सहित 15 से ज्यादा क्षेत्रों लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक सीए अमित चिमनानी, डॉ. विमल चोपड़ा, एडवोकेट जेपी चंद्रवंशी व अमित मैशरी ने बताया, कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ मंत्री राम विचार नेताम व पश्चिम के विधायक पूर्व मंत्री राजेश मूणत माजूद रहेंगे। कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन कालेज ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे से होगा। कार्यक्रम में प्रदेश भर से व्यापारी, सीए, डाक्टर, वकील, अर्थशास्त्री, कलाकार, प्रोफेसर, शिक्षक, पूर्व अधिकारी, सेना के जवान, सामाजिक संस्थानों के प्रमुख, इंजीनियर व 15 से ज्यादा फील्ड के प्रोफेशनल्स मौजूद रहेंगे। संयोजकों ने बताया, भारत अब तेजी से बदल रहा है। युवाओं के लिए नए नए क्षेत्र में अवसर खुल रहे हैं।

# पलायन करने वाले श्रमिकों को मिल रहा है राशनकार्ड पोर्टिबिलिटी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार की योजना वन नेशन वन राशनकार्ड का लाभ उन लोगों को आसानी से मिल रहा है जो रोजी-रोटी कमाने के लिए छत्तीसगढ़ से दूसरे स्थानों या राज्यों में जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ से पलायन करने वाले जिलों में रायपुर, महासमुंद, कोरबा, जाजंगीर-चांपा, बस्तर और दुर्ग, सरगुजा शामिल है। खास बात ये है कि इन जिलों में पोर्टिबिलिटी के माध्यम से राशन लेने वालों की संख्या अन्य जिलों के मुकाबले अधिक है।

छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड पोर्टिबिलिटी के आधार पर राशन कार्ड से दूसरे स्थानों की सरकारी राशन दुकानों से राशन लेने की सुविधा का लाभ अप्रैल में 27 हजार 761 लोगों ने उठाया है। खाद्य विभाग के रिकार्ड के मुताबिक प्रदेश के सभी जिलों में ऐसे लोग मौजूद हैं जो इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। जिन जिलों में सबसे अधिक लोगों ने लाभ उठाया है उनमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, जाजंगीर चांपा, और सरगुजा प्रमुख है। खास बात ये है कि इन्हीं जिलों से श्रमिकों का पलायन भी सबसे अधिक संख्या में हुआ है। इस आधार पर माना जा रहा कि पलायन करने वाले श्रमिकों को केंद्र सरकार की इस योजना का लाभ मिल रहा है।

**खास बातें**

- 27 हजार 761 ने दूसरी जगहों से उठाया राशन
- राशनकार्ड पोर्टिबिलिटी में हर जिले के लोग



### देश के किसी भी राज्य में ले सकते हैं राशन

राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी से एक राशन कार्ड पर दूसरे राज्य में भी राशन मिलने की सुविधा मिलती है। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना में शामिल राज्यों के कार्ड धारक राशन कार्ड पोर्टबिलिटी का लाभ उठा सकते हैं। वन नेशन वन राशन कार्ड स्कीम शुरू होने से कार्डधारक पूरे देश में कहीं से भी अपनी सुविधा से राशन ले सकते है। मतलब साफ है कि कार्ड धारक के लिए किसी भी तरह की सीमा या नियमों का बंधन नहीं होगा और वह किसी भी राज्य में राशन खरीद सकता है।

## खड़गे और कांग्रेसियों को पता नहीं, प्रभु श्रीराम के द्रोहियों को शिव नहीं अपनाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने आज एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेसी प्रभु श्रीराम को अपना शत्रु मानते हैं। कांग्रेसी शिव होने का दुस्साहस कर रहे हैं, लेकिन वह जानते नहीं कि शिव राम को ही अपना आराध्य मानते हैं। जो कांग्रेसी राम के अस्तित्व को नकार चुके हैं। राम मंदिर के आमंत्रण को ठुकरा चुके हैं। इसी मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र ने सनातन को नष्ट करने की धमकी देने वाले का समर्थन किया था। अब बची खुची कांग्रेस भी गर्त में मिल जाएगी।



- सनातन धर्म और देवी-देवताओं से इतनी नफरत क्यों है कांग्रेसियों में- भाजपा
- खड़गे के इस बयान पर भाजपा की आपत्ति बाद में होगी, लेकिन पहले हिंदू होने के नाते मुझे पहले आपत्ति है

जांजगीर में आयोजित आमसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस के प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया को मंच से लोगों का परिचय कराते हुए कहा कि ये शिव है, ये राम से लड़ेंगे। इस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, श्री खड़गे के इस बयान पर भाजपा की आपत्ति बाद में होगी, लेकिन पहले हिंदू होने के नाते मुझे पहले आपत्ति है। ये कैसे व्यक्ति हैं कि जो यह कहते हैं कि ये शिव राम से लड़ेंगे, इनके भाव को देखिए, वह जानते नहीं कि शिव राम को ही अपना आराध्य मानते हैं। श्री शर्मा ने कहा, श्रीराम के विरोधी जिन्होंने राम मंदिर के न्योता को ठुकरा दिया था। इसके लिए देश की जनता इनको सबक सिखाएगी। श्री शर्मा ने कहा, श्री खड़गे को पीएम के भाषण में तो हेट स्पीच दिखती है, लेकिन अपने नेताओं में इन्हें नहीं दिखती है।

### ताम्रध्वज 75 और मेनका सिंह 72 साल की उम्र में मैदान पर

# छग के सबसे उम्रदराज प्रत्याशी कालिया प्रसाद 81 साल की उम्र में ठोक रहे ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में सबसे उम्र दराज प्रत्याशी के रूप में महासमुंद लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी कालिया प्रसाद सेठ 81 वर्ष की उम्र में चुनावी मैदान पर ताल ठोक रहे हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी के महासमुंद लोकसभा से मैदान में उतरे पूर्व गृहतंत्री ताम्रध्वज साहू 75 साल की उम्र में भी फिट नजर आ रहे हैं। वहीं चुनाव में 25 साल के दो युवा प्रत्याशी भी भग्य आजमा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में 70 साल और उससे अधिक उम्र वाले तीन प्रत्याशियों को इस चुनाव में उतारा गया है। वहीं भाजपा में 64 साल उम्र के दो प्रत्याशी शामिल हैं। शेष प्रत्याशी औसतन 55 साल के हैं।

लोकसभा चुनाव में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों में अधिकतम उम्र के प्रत्याशी कालिया प्रसाद सेठ सरायपाली के निवासी हैं, वे सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भाग्य आजमा रहे हैं। वहीं रायपुर लोकसभा से 71 वर्षीय अमरनाथ चंद्राकर ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। वे रिक्शे से प्रचार कर अपनी उम्मीदवारी का समर्थन करने मतदाताओं से अपील कर रहे हैं। चुनाव में देखा जाए तो 40 से अधिक उम्र वाले प्रत्याशी अधिक हैं। वहीं कुछ युवा प्रत्याशी भी निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान पर हैं।



**भाजपा के प्रत्याशियों की औसत आयु 53 साल**

भाजपा ने लोकसभा चुनाव में युवाओं को मौका देने का प्रयास किया है। भाजपा प्रत्याशियों की 11 लोकसभा में औसत आयु 53 वर्ष है। भाजपा में बृजमोहन अग्रवाल और बिजय बघेल 64 साल की उम्र में चुनाव में ताल ठोंक रहे हैं। वहीं सरगुजा से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महराज और राजनांदगांव से संतोष पांडेय 56 की उम्र, कोरबा से प्रत्याशी सरोज पांडेय 55, बिलासपुर से तोखन साहू 54, रायगढ़ से राधेश्याम राठिया 52, भोजराम नाग 49, बस्तर से महेश कश्यप 48, महासमुंद से रूपकुमारी चौधरी 47 और जांजगीर लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े 46 वर्ष की उम्र में चुनाव मैदान में हैं।

**कांग्रेस उम्मीदवारों की औसत आयु 57 साल**

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो प्रत्याशी 11 लोकसभा सीटों के लिए घोषित किए हैं, उनकी औसत आयु 57 साल होती है। कांग्रेस में सबसे उम्र दराज प्रत्याशी के तौर पर ताम्रध्वज साहू 75 साल के हैं। कांग्रेस से ही रायगढ़ लोकसभा सीट से मैदान में उतरी मेनका सिंह 72 साल की हैं। वे पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। रायगढ़ राजघराने से ताल्लुक रखने वाली डॉ मेनका सिंह कांग्रेस की दूसरी उम्र दराज प्रत्याशी हैं। वहीं 70 वर्षीय ज्योत्सना महंत कोरबा से दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। बस्तर सीट से चुनाव लड़ रहे कवासी लखमा 66 साल की उम्र में चुनाव मैदान में हैं। 4 बार के विधायक कवासी पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। राजनांदगांव से प्रत्याशी भूपेश बघेल 63, जांजगीर से डॉ शिव डहरिया 59, दुर्ग से राजेंद्र साहू 56, कांकेर से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेश ठकुर 55, बिलासपुर से देवेंद्र यादव 34 और सरगुजा से चुनाव मैदान में शशि सिंह 33 साल की उम्र में पहली बार चुनाव लड़ रही हैं।

## बैज ने कहा- कांग्रेस की न्याय गारंटी से लोगों को मिलेगी सहायता



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने दक्षिण विधानसभा के टिकरापारा में एक जनसभा में कहा, आज देश में दिन-ब-दिन महंगाई बढ़ती जा रही है। महिलाओं को गृहस्थी चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। केंद्र में पिछले 10 सालों से भाजपा की मोदी सरकार बैठी हुई है। सत्ता में आने से पूर्व उन्होंने 100 दिन में महंगाई कम करने की बात कही थी, लेकिन आज महंगाई आसमान छू रही है। कांग्रेस ने इन सभी को ध्यान में रखते हुए माता-बहनों के लिए महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी की घोषणा की है। इसके माध्यम से हर गरीब महिला को 8333 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे, इससे निश्चित तौर पर उनको आर्थिक रूप से सहायता मिलेगी।

- बैज ने टिकरापारा में सभा को किया संबोधित

उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय के पक्ष में आम जनता से अपील भी की और कहा, वे लगातार आम जनता के संघर्ष के लिए खड़े रहते हैं। कोरोनाकाल में उन्होंने दूसरे प्रांत से आ रहे मजदूरों की सेवा की, भोजन कराया, उनके रहने की व्यवस्था कराई, प्रदेश की जनता उनके सेवाभाव से भली-भांति वाकिफ है। जनसभा में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, एजाज ढेबर, प्रमोद दुबे, सुमित दास, सतनाम पनाग, निशा देवेंद्र यादव, समीर अख्तर, उमेश गुप्ता, संगीता तिवारी, प्रेरणा साहू, अपर्णा फ्रांसिस, अनिल रायचुरा और पुष्पराज वैद समेत अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेसी आज खाएंगे बोरे बासी कहा- ये है श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने श्रमवीरों को मजदूर दिवस की बधाई देते हुये लोगों से आह्वान किया है, श्रम का सम्मान करते हुये सभी हमारे पारंपरिक भोजन बोरे बासी को खायें और बोरे बासी खाते हुये अपनी तस्वीर सोशल मीडिया में अवश्य पोस्ट करें। बोरे बासी छत्तीसगढ़ की अस्मिता संस्कृति का प्रतीक है। यह हमारे किसानों, मजदूरों के सम्मान के साथ अपनी परंपरा पर अभिमान होगा। उन्होंने कहा, भाजपा किसान और छत्तीसगढ़ संस्कृति विरोधी है, इसीलिये वे बोरे बासी का विरोध कर रहे हैं। पूंजीपति मित्रों के मुनाफे के लिए मोदी सरकार ने मजदूरों के रोजगार और सामाजिक सुरक्षा दोनों को खत्म करने का षड्यंत्र रचा है। केंद्रीय सदन में विपक्षी दल के सांसदों को बाहर करके एक ही दिन में बिना चर्चा के दर्जनों श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधन किए गए। कारोबार सुगमता के नाम पर 27 मौजूदा कानून को समाप्त कर नए कानून में 75 प्रतिशत श्रमिकों को बाहर कर दिया गया। अब नई कंपनी में महिला रूम व बच्चों की देखभाल के लिए क्रेज बनाना भी अनिवार्य नहीं होगा। न्यूनतम वेतन कानून, बोनस कानून, अनुबंध कानून, कर्मचारी क्षतिपूर्ति कानून, संविदा श्रमिक कानून, असंगठित मजदूर कानून, स्वास्थ्य एवं बीमा कानून आदि नहीं रहेंगे। काम के घंटे जो मोदी सरकार से पहले 8 घंटे थे, उसे बढ़कर 12 घंटा किया गया, तमाम तरह की सुविधाएं और छीन ली गईं। औद्योगिक इकाइयों को अपने हिसाब से मजदूर रखने और निकालने की आजादी दे दी गई है। अब मजदूरों की बदहाली पर श्रम न्यायालय भी संज्ञान नहीं ले पाएगा और ना ही ऊपर किसी अपील में सुनवाई होगी।

- कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने सभी से की अपील, मजदूर दिवस पर बोरे बासी खाएं

### सियान सदन में मनेगा बोरे बासी दिवस आज

नगर निगम जोन 6 के छत्तीसगढ़ नगर स्थित सियान सदन में 1 मई को बोरे-बारी दिवस मनाया जायेगा। इस मौके पर जोन अध्यक्ष निशा-देवेन्द्र यादव वार्ड वासियों के साथ मिलकर सियान सदन में बैठकर बोरे-बासी खाएंगी। विदित हो, प्रदेश में पिछले 4 साल से 1 मई के श्रमिक दिवस को बोरे-बासी दिवस के रूप में मनाने की परिपाटी रही है। इसी परंपरा को बरकरार रखते हुए राजधानी रायपुर में बोरे -बासी दिवस मनाने की तैयारी है, जिसमें एक साथ लोग सामूहिक रूप से बैठकर बोरे-बासी का स्वाद लेने शामिल होंगे। छत्तीसगढ़िया संस्कृति की झलक दिखाने सियान सदन में यह आयोजन बुधवार को होने जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ नगर, धरम नगर सहित आसपास के रहवासी शामिल होंगे।



## बृजमोहन बोले- यह लोकसभा चुनाव एक नए भारत के निर्माण की नींव रखने वाला

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन ने अग्रवाल मंगलवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रोड शो कर जनता से भाजपा के लिए वोट मांगे और नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने को कहा। इस रोड शो के दौरान रायपुर पश्चिम की जनता में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह उन्होंने बृजमोहन अग्रवाल का आतिशबाजी और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। रोड शो में भारी जन सैलाब उमड़ा।

- रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

### जनता को किया संबोधित

रोड शो की शुरुआत रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के खमतराई से हुई यहां से पैराडाइज होटल, दुर्गा चौक, अवधपुरी मैदान, हनुमान मंदिर, पडाव गुढियारी, शुक्रवारी बाजार, मंगल बाजार, पहाडी चौक, जगन्नाथ चौक, खालवाडा, कबीर चौक, कर्मा चौक, दिशा कॉलेज, समता कॉलोनी, प्रगति कालेज ओंकार बैस, खाटू श्याम मंदिर,शिकारपुरी धर्मशाला होते हुए नगर निगम कॉलोनी गार्डन पर रोड शो का समापन हुआ। रोड शो के दौरान कई जगह बृजमोहन अग्रवाल ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुनाव एक नए भारत के निर्माण की नींव रखने वाला चुनाव है। हमको भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनना होगा। जिसमें रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के लोगों को योगदान देना होगा।

# संजय बोले- कांग्रेस पूरी तरह झूठी और षड्यंत्रकारी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो से छेड़छाड़ कर आरक्षण खत्म करने के एक कूटरचित वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने पर कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मुद्दे पर मीडिया के सवालों से बचने के लिए मंगलवार को आहूत अपनी पत्रकार वार्ता रद्द कर राजनीतिक पलायन किया। उनका कहना है, कांग्रेस पूरी तरह एक झूठी और षड्यंत्रकारी पार्टी बन गई है।

- मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल के डर से किया राजनीतिक पलायन

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस अपनी हार सामने देखकर बौखला गई है और जनता को भ्रमित करने के लिए झूठ और ओछे हथकंडों का सहारा ले रही है। श्री श्रीवास्तव ने कांग्रेस की अभद्र टिप्पणियों, फेक न्यूज व कूचरचित वीडियो वायरल किए जाने के मुद्दे पर कहा, आरक्षण को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक कूटरचित वीडियो तेलंगाना कांग्रेस विंग द्वारा अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफोर्म एक्स के माध्यम से प्रसारित किया गया, जिसमें उनके मूल भाषण में कूट-रचना की



गई। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह के भाषण को गलत तरीके से एडिट कर कांग्रेस भ्रांति फैला रही है। कांग्रेस का अब यही राजनीतिक चरित्र शेष रह गया है। वीडियो क्लिप से छेड़छाड़ करके कांग्रेसी झूठ फैलाने की शर्मनाक हरकतें कर रहे हैं जिसकी जितनी निंदा की जाय, वह कम है।

श्री श्रीवास्तव ने कहा, आज कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और भाजपापर संविधान बदलने का झूठा डर फैला रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने धारा 370 खत्म करके जम्मू-कश्मीर में भारत के संविधान को लागू किया, वहां बेखौफ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का काम किया और सेना को पूरा अधिकार सौंपकर आतंकवाद को खत्म किया। श्री श्रीवास्तव ने कांग्रेस की महालक्ष्मी न्याय योजना पर कांग्रेस के दोहरे मापदंडों पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा, कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है।

# जमीन का मूल्यांकन कलेक्टर रेट या अधिग्रहण की कीमत पर होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रियल स्टेट रेग्युलरिटी अथारिटी यानी रेरा ने रियल एस्टेट कंपनियों की जमीनों के मूल्य के निर्धारण को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। दरअसल कई बार भूमि की लागत के मूल्यांकन के लिए अपनाई जाने वाली व्यवस्था को लेकर अराजकता हुई है, जो किसी परियोजना की कुल परियोजना लागत का एक प्रमुख घटक माना जाता है। इस मामले को लेकर रेरा स्पष्टीकरण भी जारी किया है।



### ये है स्पष्टीकरण

रेरा द्वारा जारी पत्र के मुताबिक भूमि के मूल्य को लेकर ये स्पष्टीकरण दिया गया है कि भूमि की लागत का मूल्यांकन परियोजना के प्रारंभ होने की तिथि पर कलेक्टर के दिशानिर्देश मूल्य या अधिग्रहण की लागत, जो भी अधिक हो, के अनुसार किया जाएगा। भूमि की दर एवं मूल्यांकन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर निर्धारित नवीनतम दिशानिर्देश दर मान्य होगी। भूमि की श्रेणी अर्थात क्या डायवर्टेड, गैर डायवर्टेड, कृषि या गैर कृषि, उस तारीख को भूमि की स्थिति के आधार पर निर्धारित की जाएगी जब मालिक का नाम पहली बार भूमि रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। ऐसे मामलों में जहां भूमि को भूमि के विकास के उद्देश्य से साझेदारी, जेवी (ज्वाइंट वेंचर) कंपनी की योजना में स्थानांतरित किया जाता है, तो भूमि की श्रेणी आवश्यक परिवर्तनों के साथ उस मालिक की होगी, जिससे भूमि विकास के उद्देश्य से हस्तांतरित की गई है।













जय जय श्रीराम
॥ भारत माता की जय ॥
1 मई
मजदूर दिवस
जन-जन के महानायक
सुख-दुख के साथी
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी को
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ
विजय अग्रवाल
अध्यक्ष-अग्रवाल महासभा
अध्यक्ष - छ.ग. कराते संघ
रामकृष्ण धीवर
अध्यक्ष-संचालक सदस्य FISCO FED मछली पालन मंत्रालय भारत सरकार
चंद्रपाल धनगर
पार्षद-वार्ड 63, टिकरापारा
अशोक अग्रवाल
समाज सेवी
महादेव नायक
आशीष धनगर
केदार धनगर
मनीष करड़भुजे
मनोज चक्रधारी
विनीत : समस्त मित्रगण

## सिटी स्पोर्ट्स

### कलरिपयतु का चार दिवसीय राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आज से दल्लीराजहरा में



**रायपुर।** आगामी तमाम राष्ट्रीय आयोजनों यथा खेलो इण्डिया, राष्ट्रीय खेल और नेशनल चैंपियनशिप की तैयारियों हेतू एवँ अच्छे प्रदर्शन हेतू साथ ही नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने छत्तीसगढ़ कलरिपयतु संघ के तत्वावधान में बालोद जिला कलरिपयतु संघ एवँ मार्शल आर्ट्स क्लब दल्लीराजहरा के सहयोग से चार दिवसीय राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ओपन एयर थिएटर, दल्लीराजहरा जिला बालोद में एक से चार मई तक आयोजित है। भारतीय कलरिपयतु फेडरेशन के सुप्रसिद्ध एवँ राष्ट्रीय कोच, निर्णायक केरल के श्रीजेयन दल्लीराजहरा पहुँच रहे हैं। इस शिविर के मुख्य कोच के तौर पर श्रीजेयन एक मई को राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में सुबह 7 बजे से प्रथम सत्र शुरू कर देंगे। कलरिपयतु खेल का आगामी शिविर शीघ्र ही कोरबा या बिलासपुर में आयोजित किये जाने की संभावना है ताकि राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शिविर का अधिकतम लाभ मिल सके। इस शिविर में रायपुर से टिकेश्वरी साहू, वैभवी दामा, दिव्या अग्रवाल, समिधा अग्रवाल, भार्गवी उईके, वैष्णवी खरखते, तोशी पाण्डेय, नीलेश्वरी पटेल, प्रवीण जायसवाल, शुभांश मानिकपुरी, भावजोत सिंह, विंध्यकुमार सोनी, आर्यन पटेल, अर्चित केशरवानी, जय कुमार, सोहैल मोकाती, आदित्य सोलंकी और सौम्य कुमार प्रसाद आदि जिला कलरिपयतु संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन के निर्देशन एवँ सचिव अमन यादव के नेतृत्व में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि कलरिपयतु खेल, भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय से मान्यता प्राप्त खेल है तथा इस भारतीय मार्शल आर्ट्स खेल को राष्ट्रीय खेल, खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं स्कूल खेल में शामिल किया जा चुका है।

### निःशुल्क ग्रीष्मकालीन वेट लिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर आज से रायपुर में



**रायपुर।** जिला भारोत्तोलन संघ एवं जय सतनाम व्यायाम शाला द्वारा संयुक्त रूप ग्रीष्मकालीन निःशुल्क वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एक मई से 14 जून तक किया जा रहा है। से 8 वर्ष से 15 वर्ष तक के बालक/ बालिकाओं के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व एनआईएस, क्वालिफाइड प्रशिक्षको द्वारा वेटलिफ्टिंग की प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा माह जून में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट एडवांस ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए खिलाड़ी

**रायपुर।** मार्शल आर्ट एकेडमी ऑफ़ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में राज्य स्तरीय एडवांस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन 27 एवं 28 अप्रैल को रेलवे इंस्टिट्यूट बिलासपुर में किया गया। शिविर में प्रदेश के 9 जिलों के 55 खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया। कैंप में खिलाड़ियों को नई तकनीक्रो एवं फाइट के गुर सिखाये गए। विभिन्न जिले से आए प्रशिक्षक्रो को का भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।शिविर के मुख्य प्रशिक्षक एवं अकेडमी आफ छत्तीसगढ़ के तकनीकी निदेशक शेख समीर ने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों को विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि खिलाड़ियों का आगामी राष्ट्रीय स्पर्धा मे बेहतर प्रदर्शन हो सके। शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि ठाकुर रविंद्र सिंह थे। अध्यक्षता हेमंत सिंह परिहार ने की एवं विशिष्ट अतिथि कुसुम लता सहगल, परमेश्वर बर्मन, राकेश केसरी और अनिल शुक्ला आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

अनिद्रा से जूझ रहे लोगों को समय पर करवाना चाहिए उपचार, मिलेगी राहत

# आप अनिद्रा के शिकार हैं तो 'मेलाटोनिन' की कमी संभव, कर सकते हैं इसमें सुधार

नींद न आना, रात के समय बार-बार नींद टूट जाने की स्थिति को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सभी वयस्कों को हर रात कम से कम 6-8 घंटे के निर्बाध नींद की जरूरत होती है। जिन लोगों को नींद लेने में कठिनाई या अनिद्र की समस्या है उन्हें समय पर डॉक्टर से मिलकर इसका उपचार प्राप्त करना चाहिए। अनिद्रा की समस्या को अध्ययनों में शारीरिक-मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए खतरनाक बताया गया है। अध्ययनकर्ता बताते हैं जिन लोगों को अक्सर नींद न आने की समस्या रहती है उनमें मेलाटोनिन नामक हार्मोन की कमी देखी जाती रही है। मेलाटोनिन वह हार्मोन है जो नींद के चक्र को ठीक बनाए रखने के साथ अच्छी और गहरी नींद प्राप्त करने में मदद करता है। कहीं आपमें भी तो इसकी कमी नहीं है, इसमें सुधार कैसे किया जा सकता है आइए इस बारे में समझते हैं।





### मेलाटोनिन की कमी के क्या संकेत हैं?

आमतौर पर मेलाटोनिन की कमी के कारण नींद विकारों की समस्या होना आम है पर इसके अलावा भी कई लक्षण हैं जिनपर ध्यान देना आपके लिए जरूरी है। दिन में बहुत नींद आना-रात में नींद लेने में दिक्कत। सर्केडियन रिदम की समस्या (सोने-जागने के समय में बदलाव) तेजी से उम्र बढ़ने के लक्षण दिखाना। मेटाबॉलिज्म की समस्या होना।

### मेलाटोनिन हार्मोन है जरूरी

मेलाटोनिन ऐसा हार्मोन है जो आपका मस्तिष्क अंधेरे की प्रतिक्रिया में पैदा करता है। यह आपकी सर्केडियन रिदम (सोने-जागने के समय) और अच्छी नींद प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। रात में सोते समय रोशनी होने के कारण से भी मेलाटोनिन उत्पादन बाधित हो सकता है। यहां जानना जरूरी है कि मेलाटोनिन सिर्फ नींद के लिए ही जरूरी नहीं है इसकी कमी के कारण चिंता और मनोदशा संबंधी विकार, शरीर का तापमान कम होने और एस्ट्रोजन हार्मोन के बढ़ने जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

### कैसे करें मेलाटोनिन के स्तर में सुधार

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, प्राकृतिक रूप से मेलाटोनिन को बढ़ावा देने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं। संतुलित-पोषक तत्वों से भरपूर आहार की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। एंटीऑक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थ, कॉपर और विटामिन ए-ई वाली चीजों को आहार का हिस्सा बनाकर मेलाटोनिन हार्मोन के स्तर को ठीक किया जा सकता है। इसके अलावा तनाव का प्रबंधन करना भी बहुत आवश्यक है। डॉक्टर से मिलकर शरीर में मेलाटोनिन की कमी की पता लगाने में मदद मिल सकती है। जिन लोगों में इसकी गंभीर कमी होती है स्वास्थ्य विशेषज्ञ उन्हें मेलाटोनिन सप्लीमेंट्स लेने की भी सलाह दे सकते हैं।



# अक्षय तृतीया पर नहीं खरीद सकते सोना-चांदी तो घर लाएं ऐसी चीजें

हिंदू पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया साल का दूसरा माह माना जाता है। यह हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस साल 10 मई को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। इस तिथि के दिन मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करने का विधान है। इस दिन सोना-चांदी खरीदने का विशेष महत्व है। अब ऐसे में महंगाई के कारण अगर आप सोना-चांदी नहीं खरीद पा रहे हैं, तो इसके अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं। जिसे खरीदने से लाभ हो सकता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी विस्तार जानकारी दे रहे हैं।

**श्रीयंत्र:** अक्षय तृतीया के दिन श्रीयंत्र खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन श्रीयंत्र खरीदने के बाद घर के पूजा स्थल पर जरूर रखें। इससे माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा बनी रहत है और सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है।

**कौड़ी:** अक्षय तृतीया के दिन कौड़ी खरीदना उत्तम माना जाता है। इस दिन कौड़ी खरीदें और माता लक्ष्मी के चरणों में अर्पित करें। इससे लाभ हो सकता है। साथ ही घर में सुख-समृद्धि की भी आगमन हो सकता है।

**मटका:** अक्षय तृतीया के दिन अगर आप सोना-चांदी नहीं खरीद सकते हैं, तो मिट्टी का मटका अवश्य खरीदें। इससे जातक को कभी किसी भी चीज की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

**पीली सरसों:** अक्षय तृतीया के दिन पीली सरसों खरीदना अत्यंत शुभ फलदायी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आप पीली सरसों खरीदते हैं, तो विवाह में चल रही परेशानियों से छुटकारा भी मिल सकता है। साथ ही सरसों का पीला रंग भगवान विष्णु, कुबेर देव और माता लक्ष्मी को समर्पित है। इसलिए इस दिन सरसों खरीदने से धन-धान्य में भी वृद्धि होती है।

**शंख :** अक्षय तृतीया के दिन शंख खरीदना उत्तम माना जाता है। बता दें, शंख माता लक्ष्मी के भाई हैं। इसलिए जिस घर में शंख रहता है। वहां मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।



# शाम 7 बजे से पहले करें डिनर सेहत के लिए कमाल के फायदे

क्या आपको भी रात का भोजन देर से करने की आदत है? तो यहां बताई गई जानकारी बताई गई जानकारी आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है, क्योंकि यहां हम आपको समय पर डिनर करने के कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें जानने के बाद आप अपनी यह आदत जरूर बदलेंगे। रात का भोजन जल्दी करना चाहिए... यह सलाह हम सब सुनते आ रहे हैं पर हममें से बहुत कम लोग ही इसका पालन करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर लोगों को इससे मिलने वाले फायदों के बारे में जानकारी नहीं होती है और ऐसे में वो इससे मिलने वाले सेहत लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको इस बारे में सही और पूरी जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं। यहां हम आपको डिनर जल्दी करने से मिलने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं। बता दें कि हमने इस बारे में लखनऊ के जनरल फिजिशियन डॉ. बृजेंद्र सिंह से बात की है और उनसे मिली जानकारी यहां आपके साथ शेयर कर रहे हैं।



डॉ. बृजेंद्र सिंह बताते हैं कि आज की बदलती जीवनशैली ने लोगों की दिनचर्या से लेकर खान-पान तक सब कुछ पूरी तरह से बदल दिया है। गौरतलब है कि भारतीय संस्कृति में सूरज ढलने के बाद भोजन ग्रहण करने का चलन नहीं था। पर पाश्चात्य सभ्यता की देखा-देखी यहां भी लोग देर रात तक भोजन करने लगें, जिसका खामियाजा सेहत संबंधी समस्याओं के रूप में देखने को मिला है। ऐसे में अगर आपको इन समस्याओं से निजात पानी है तो आपको रात का भोजन जल्दी करना शुरू करना होगा। डॉ. बृजेंद्र सिंह आगे बताते हैं कि रात का भोजन शाम 7 बजे तक कर लेना चाहिए। यह पाचन को बेहतर करने के साथ ही अच्छी नींद और दिल-दिमाग को दुरुस्त करने में सहायक साबित होता है। तो चलिए रात का भोजन जल्दी करने से मिलने वाले सेहत लाभ के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### पाचन रहता है दुरुस्त

रात में जल्दी भोजन करना पाचन के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है। इससे भोजन को पचने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और इसके चलते अपच, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से बचाव होता है। इसलिए जिन लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं रहती हैं उन्हें रात का भोजन जल्दी करने की कोशिश करनी चाहिए।

### दिल को सेहतमंद रखने में मददगार

रात का भोजन से समय लेने पर ब्लड प्रेशर और हृदय गति संयमित रहती है, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं को जोखिम कम होता है। इसलिए अगर किसी को हृदय संबंधी समस्याएं हैं तो उसे रात का जल्दी भोजन करना चाहिए।

कार्नर न्यूज

अभिभावक अगर समझदारी से काम लें तो बच्चे भी रहेंगे अनुशासित

# बिना कहे खुद पढ़ने बैठ जाएगा आपका बच्चा, अगर अपनाएंगे संतुलित तरीके

माता पिता बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें अच्छे स्कूल में डालते हैं। अच्छी शिक्षा बच्चे के बेहतर करियर और भविष्य के लिए जरूरी है। अभिभावक बच्चे की कोचिंग और अन्य जरूरी चीजें उपलब्ध कराकर उन्हें हर तरह से पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हैं। लेकिन बच्चा अगर पढ़ाई में मन ही नहीं लगाता है तो माता पिता की चिंता भी बढ़ जाती है। कई बार माता पिता के कहने पर बच्चा पढ़ने तो बैठ जाते हैं लेकिन उनका ध्यान पढ़ाई में नहीं लगता। माता पिता डांट फटकार कर बच्चों पर दबाव बनाते हैं। हालांकि डांटने या जबरन पढ़ाने से बच्चे की रुचि पढ़ाई में नहीं बढ़ती। यहां अभिभावकों को कुछ ऐसे तरीके बताए जा रहे हैं जो उन्हें पढ़ाई से मुंह चुराने नहीं देंगे और खुद ब खुद उनका मन पढ़ाई में लगने लगेगा।



### प्रोत्साहित करें

माता पिता को समय समय पर बच्चे की सराहना करनी चाहिए। बच्चा अपने अभिभावक से तारीफ की उम्मीद रखता है। तारीफ सुनकर वह वही काम करना चाहता है, जिससे माता पिता और तारीफ करें। हालांकि जानें अनजाने अभिभावक बच्चे की तुलना करके उनका मनोबल कम करते हैं। ऐसा करने से बचें और उनकी गलतियां निकालने और दूसरो से तुलना करने के बजाए बच्चे की तारीफ करें।

### दबाव न डालें

बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें लेकिन उन पर दबाव न डालें। पढ़ाई का दबाव बच्चे पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस कारण उनको पढ़ाई बोझ की तरह लगती है। उनपर जरूरत से अधिक दबाव न बनाएं, हंसते-खेलते बच्चों को पढ़ाई की कठिन बातें समझाने की कोशिश करें।



### सही माहौल दें

बच्चे पढ़ाई में आनाकानी करते हैं, उसका एक कारण घर में पढ़ाई का सही माहौल नहीं होना है। इसी वजह से बार बार टोंकने पर भी बच्चा नहीं पढ़ता। बच्चे को बिना बोले पढ़ाना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने घर का माहौल शांत रखें। पढ़ने वाली जगह को सेट करके रखें और पढ़ाई की डेस्क जरूर बनाएं, जहां वह खुद ब खुद बैठकर पढ़ सकें।

Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर | Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर छ.ग.**

**शपथ-पत्र**

मै दिनेश कुमार शार्दुल, आयु 43 वर्ष, पिता स्व. श्री श्यामलाल शार्दुल, निवासी-सिनीयर एम.आई.जी. 205, विजेता कॉम्पलेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ -

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्त अनुसार सत्य एवं सही है ।
2. यह कि, मैं वर्तमान में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. में पदस्थ हूँ ।
3. यह कि, शासकीय सेवा पुस्तिका में मेरा नाम दिनेश कुमार दर्ज है ।
4. यह कि, वास्तव में मेरा सम्पूर्ण नाम दिनेश कुमार शार्दुल है, तथा लगभग सभी सुसंगत दस्तावेजो में मेरा नाम दिनेश कुमार शार्दुल दर्ज है ।
5. यह कि उक्त शपथपत्र उपरोक्त कथनो की सत्यता के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता

**सत्यापनः-**

मै दिनेश कुमार शार्दुल, आयु 43 वर्ष, पिता स्व. श्री श्यामलाल शार्दुल, यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 05 मे लिखी बातें सत्य एवं सही है अतः अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूँ ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 30.04.2024

सत्यापनकर्ता

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर छ.ग.**

**// शपथ-पत्र //**

मैं दिनेश कुमार शार्दुल, आयु 43 वर्ष, पिता स्व. श्री श्यामलाल शार्दुल, निवासी-सिनीयर एम.आई.जी. 205, विजेता कॉम्पलेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. व स्थायी पता- ग्राम दाड़िया, तह. व जिला कोंडागांव छ.ग. का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ -

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्त अनुसार सत्य एवं सही है ।
2. यह कि, मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरी माता का नाम श्रीमती सोनबती शार्दुल, पिता श्यामलाल शार्दुल दर्ज है ।
3. यह कि, परंतु मेरे माता के आधार कार्ड, बैंक खाता व ऋण पुस्तिका व अन्य दस्तावेजो में मेरी माता का नाम भागवती शार्दुल, पति श्यामलाल शार्दुल दर्ज है।
4. यह कि, श्रीमती सोनबती शार्दुल व भागवती शार्दुल दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है, अर्थात मेरी माता का ही नाम है ।
5. यह कि, मेरे माता का सही व सत्य नाम भागवती शार्दुल है, तथा यही नाम ही मेरे समस्त दस्तावेजो में दर्ज श्रीमती सोनबती शार्दुल के स्थान पर श्रीमती भागवती शार्दुल दर्ज किया जावे व पढ़ व समझा जावे ।
6. यह कि, उक्त शपथपत्र उपरोक्त कथनो की सत्यता के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है, व दैनिक प्रकाशन हेतु प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता

**सत्यापनः-**

मैं दिनेश कुमार शार्दुल, आयु 43 वर्ष, पिता स्व. श्री श्यामलाल शार्दुल, यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 06 से लिखी बातें सत्य एवं सही है अतः अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूँ ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 30.04.2024

सत्यापनकर्ता
दिनेश कुमार शार्दुल

**आम सूचना का खण्डन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" के अंक दिनांक- 20.03.2024 मे श्री हितेन्द्र कश्यप (अधिवक्ता), रामजानकी सामुदायिक भवन, कुशालपुर, रायपुर छ.ग. द्वारा प्रकाशित आम सूचना का इस प्रकार खण्डन करता हूँ कि, मेरे उक्त पक्षकार मनीष कुमार कौशल बया, पिता श्री सुरेन्द्र कुमार कौशल बया के द्वारा ग्राम- आमदी, प.ह.नं.- 05, रा.नि.मं.- खोरपा, तह. अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. स्थित अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर क्रमशः 4, 5, 7/1, 7/2, 8, 9, 10/1, 10/2, 12/, 14, 21, 24, 25, 26, 28, 30, 32, 38, 40, 43, 56 रकबा 6.52 एकड़ को कभी भी किसी के पास विक्रय करने का कोई सौदा नहीं किया गया है ना ही किसी व्यक्ति से दिनांक- 18.03.2024 को कोई टोकन बयाना किया है।

अतः उक्त प्रकाशन दिनांक- 20.03.2024 झूठा एवं भ्रामक आम सूचना है जो कि मेरे उक्त पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं है तथा मेरा उक्त पक्षकार एक सीधा साधा ग्रामीण व्यक्ति है, जिसे उक्त आम सूचना के प्रकाशन की जानकारी ग्राम के अन्य व्यक्ति के द्वारा दिनांक - 22.04.2024 को दिया गया, इसलिये यह खण्डन आज प्रकाशित किया जा रहा है।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-30.04.24

**भवदीय**
**आर.के. वर्मा (अधिवक्ता)**
**2348, लखन निवास, आई.टी.आई. कम्प्यूटर के सामने, बंगाली गली, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग.**
**मो. नंबर - 6267800998**

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री आकाश मलिक पिता श्री रमेश मलिक निवासी बंजारी वार्ड क्रं. 09 पो. बीरगांव थाना खमतराई जिला रायपुर एवं कु. दिव्या बंजारे पिता श्री प्यारेलाल बंजारे निवासी ग्राम भुरकोनी ग्राम पंचायत छपोरा पो. मांढर कालोनी वार्ड क्रं. 18 थाना विधानसभा जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 22 मई, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 22 अप्रैल, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया ।

**अवधि 30 दिन से कम न हो**

मुहर

विवाह अधिकारी,
रायपुर


जीवेत शरदः शतम्
आदरणीय बड़े भैय्या
एवं मार्गदर्शक
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी को
1 मई
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...
एवं छोटे भाई
सोनू तिवारी जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी
छोटे भाई सोनू तिवारी जी

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री साय ने पत्रिका का किया विमोचन



**रायपुर।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी के ध्वजारोहण व जन्मकल्याणक महोत्सव की पत्रिका का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को किया। इस अवसर पर दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेंद्र कोचर, ट्रस्टी द्वय जय सांखला व योगेश बंगानी ने गुलाब फूल से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से शॉल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया व पत्रिका, श्रीफल से मुख्यमंत्री को ध्वजारोहण कार्यक्रम में 2 व 3 मई के लिए आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने रात्रिकालीन प्रभु भक्ति में सम्मिलित होने की स्वीकृति प्रदान की। इसी दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेंद्र कोचर ने मुख्यमंत्री को शीघ्र जैन गौशाला की स्थापना संबंधित जानकारी दी।

## नहीं होगी पानी की कमी चटौद नहर का पानी आ रहा

**रायपुर ।** धमतरी के चटोद में स्थित शाखा नहर को खारुन नदी से जोड़कर शहर के लिए पानी की व्यवस्था की गई। इससे पहले शहर में पानी के इंतजाम के लिए काठाडीह एनीकेट और मुर्रा नहर को खुलवा लिया गया।

**निधन**

## चंद्रमोहिनी खन्ना

**रायपुर।** पाम बेलाजिओ खम्हारडीह निवासी चंद्रमोहिनी खन्ना (78) का 30 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 मई को दोपहर 12.30 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे मनीष एवं दीपक खन्ना की माता तथा तनमय, अनन्य की दादी थीं।



# एसीआई में भी रिएजेंट का टोटा, नहीं हो रही कार्डियक प्रोफाइल सहित कई तरह की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हार्ट अटैक सहित दिल की विभिन्न बीमारियों के मरीजों का आपातकालीन स्थिति में इलाज करने वाला एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट भी रिएजेंट की दिक्कत से जूझ रहा है। पिछले मई के बाद इसकी खरीदी नहीं हुई, जिसकी वजह से कार्डियक प्रोफाइल तक की जांच नहीं हो पा रही है। मरीजों का इलाज जरूरी है इसलिए चिकित्सक निजी लैब की मदद से टेस्ट करवा रहे हैं।

राज्य के अधिकतर शासकीय अस्पताल विभिन्न तरह की जांच में उपयोग आने वाले रिएजेंट की दिक्कत से जूझ रहे हैं, जिसमें सबसे बड़ा शासकीय अस्पताल भी शामिल है। हृदय से संबंधित बीमारियों के इलाज की एकमात्र व्यवस्था एसीआई के रूप में इसी आंबेडकर अस्पताल में है। यहां भी मरीजों को जांच की सुविधा नहीं मिल पा रही है। आने वाले मरीजों की हालत ऐसी होती है कि उनका तत्काल उपचार कराना जरूरी होता है। ऐसे मरीजों के सैंपल मजबूरी वश निजी लैब भेजकर टेस्ट करवाना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार पिछले साल मई में यहां विभिन्न तरह की जांच के लिए रिएजेंट की खरीदी की गई थी, जो एक निर्धारित अवधि में उपयोग के बाद खत्म हो गई। एसीआई स्टाफ द्वारा इसकी खरीदी के लिए कालेज प्रबंधन हर महीने पत्र भेज रहा है, मगर अब तक नई खरीदी नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले मरीज के हार्ट अटैक की स्थिति जानने के लिए ट्राप आई का टेस्ट होता है।

**मरीजों का इलाज जरूरी इसलिए निजी लैब में टेस्ट मजबूरी**

### कई का खर्च उठा चुका स्टाफ

सूत्रों के अनुसार इस शासकीय अस्पताल में हृदय संबंधी बीमारी की शिकायत लेकर आने वाले कई मरीजों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होती है। एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ ऐसे मरीजों की जांच के लिए अपनी जेब से भी पैसे देते हैं।




### खोज रहे वैकल्पिक रास्ता

रिएजेंट की खरीदी सीजीएमएससी के माध्यम से होती है। उसकी ओर से अगर एनओसी भी दी जाती है, तो खरीदी के लिए टेंडर प्रक्रिया में वक्त लगेगा। आचार संहिता की वजह से इसे पूरा नहीं कर पा रहे हैं। मरीज हित का ध्यान रखते हुए इसकी वैकल्पिक व्यवस्था की कोशिश की जा रही है।

- **डॉ. तृप्ति नागरिया,** अधिष्ठाता शासकीय जेएन मेडिकल कालेज

## राजस्व विभाग को टैक्स वसूलने में होगी आसानी

# शहरभर में 1 साल में 10 हजार नए मकान का निर्माण, डीडीएन नंबर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर।

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में इस साल करीब 10 हजार नये मकान का निर्माण हुआ है। इसे देखते हुए निगम के आईटी सेल ने संबंधित प्रापर्टी का डिजिटल डोर नेम प्लेट तैयार किया है। इसके माध्यम से इन संपत्तियों का अलग से यूनिक आईडी जनरेट होगा, ताकि आने वाले दिनों में नगर निगम के राजस्व विभाग को नई प्रापर्टी से प्रापर्टी टैक्स वसूलने में आसानी होगी।

- प्रापर्टी का यूनिक आईडी होगा जनरेट

दरअसल, नगर निगम द्वारा पीपीपी मोड पर 10 जोन के 70 वार्डों में अब तक 2 लाख 70 हजार घरों में 12 डिजिट का डिजिटल डोर नंबर प्लेट लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। इसी नंबर प्लेट की प्रापर्टी आईडी के माध्यम से इस बार करदाताओं ने घर बैठे 18 करोड़ का टैक्स भुगतान घर बैठे कर दिया। नई कालोनी व नये मकान शहर में इस साल भी बन रहे हैं। उनकी गणना करके 10 हजार नंबर प्लेट तैयार किये गये हैं, ताकि नागरिकों को नगर निगम से जुड़ी सेवाएं प्राप्त करने निगम मुख्यालय व जोन दफ्तर के चक्कर न काटने पड़े।

**खास बातें**

- इस बार करदाताओं ने घर बैठे 18 करोड़ का टैक्स भुगतान घर बैठे कर दिया
- नई कालोनी व नये मकान शहर में इस साल भी बन रहे हैं
- अधिकारियों को लगातार 2 साल से टैक्स जमा नहीं करने वालों की सूची तैयार करने का दिया आदेश

**दुकानों के किराया बढ़ाने का प्रस्ताव शासन के पास अनुमति के लिए भेजा था**



### दुकान किराया बढ़ाने शासन के पास प्रस्ताव लंबित

नगर निगम की शहरभर में 4400 दुकानें किराये पर चल रही हैं। इनमें से कुछ दुकानें मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत शहर के अलग-अलग लोकेशन पर आवंटित हैं। इनका किराया बढ़ने का एक अलग स्लॉट बना है, पर गोलबाजार, गंज मंडी की दुकानों का किराया एक अरसे से नहीं बढ़ा। दुकानों के किराया बढ़ाने का प्रस्ताव महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने पिछले साल की सामान्य सभा से पारित कर शासन के पास अनुमति के लिए भेजा था। शासन स्तर पर इसकी मंजूरी लंबित है। इसी तरह सालों से खाली पड़ी दुकानों को लीज की जगह किराये पर देने का प्रस्ताव भी भेजा गया है।

### इस बार 350 करोड़ प्रापर्टी टैक्स वसूली का टारगेट

नगर निगम ने वर्ष 2024-25 के लिए इस बार प्रापर्टी टैक्स वसूली का टारगेट 350 करोड़ रुपये कर दिया है। पिछले वित्तीय वर्ष में निगम आयुक्त ने राजस्व अमले को 285 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया। इसकी तुलना में राजस्व महकमा ने 300 करोड़ की राजस्व वसूली की। अबकि बार 350 करोड़ के प्रापर्टी टैक्स वसूली का टारगेट पूरा करने नगर निगम का फोकस ऐसे करदाताओं पर रहेगा, जिन्होंने 2 वर्ष या उससे अधिक का संपत्ति कर नगर निगम को भुगतान नहीं किया है। राजस्व विभाग के उपायुक्त डॉ. आरके डोंगरे ने जोन के राजस्व अधिकारियों को लगातार 2 साल से टैक्स जमा नहीं करने वालों की सूची तैयार करने का आदेश दिया है।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह पर श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

श्रीमद भागवत कथा के दौरान प्रवचनकर्ता ने भक्तों को सचेत किया कि अक्षय तृतीया पर्व और रामनवमी पर्व पर गांव-गांव में लोग अपने बच्चों का विवाह नाबालिग यानी बहुत ही कम उम्र में कर देते हैं, जो सही नहीं है। जब कन्या घर गृहस्थी चलाने लायक हो जाए , तब 18 साल के बाद सही उम्र में ही विवाह करना चाहिए, ताकि वैवाहिक जीवन सुखमय रहे, क्योंकि रुक्मिणी जब विवाह के लायक हो गई, तभी उनका विवाह हुआ। ये बातें महामाया मंदिर के सामने चल रहे श्रीमद भागवत कथा में भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने मंगलवार को कही। उन्होंने आगे कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा और श्रीकृष्ण साक्षात भगवान विष्णु ही हैं। हर अवतार में हर युग में दोनों की जोड़ी हमेशा रही है। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। झांकी में श्रीकृष्ण रुक्मिणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। जो भक्त प्रेमी श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक संबंधित समस्या दूर हो जाती है।

### अच्छे घर और अच्छे वर की होती है प्राप्ति

भागवताचार्य ने कन्हैया के महर्षि संदीपनी आश्रम उज्जैन में विद्या ग्रहण, कालयवन का वध, महारास, उद्धव गोपी संवाद, उद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका नगरी की स्थापना एवं रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण कथा का गुणगान किया गया। पं. शुक्ला ने कहा, इस प्रसंग को श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से लड़कों को अच्छी कन्या तथा कन्याओं को अच्छे घर और अच्छे वर की प्राप्ति होती है एवं दांपत्य जीवन सुखद रहता है। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह में संगीत के साथ विवाह, तेल हल्दी, चूलमाटी के गीत गाए तो श्रद्धालु झूमने लगे।

**पेज 9 के शेष**

### जनरल कोच के...

सफर यात्रियों के लिए पहाड़ चढ़ने के सामान बन गया है। सामान्य कोच से लेकर स्लीपर तक यात्री पसीने से तरबतर नजर आ रहे हैं। लू से बचने यात्री चेहरा बांधकर सफर कर रहे हैं। जिन ट्रेनों में पंखे खराब हैं, वहां आए दिन खिड़की बंद रखने और खुली रखने को लेकर यात्रियों के बीच विवाद भी हो रहा है। सामान्य कोच में सीट से अधिक भीड़ होने से गर्मी और उमस बेहद बढ़ गई है। उस पर ट्रेनों में पानी की कमी भी यात्रियों के सफर को मुश्किल बना रही है। वैसे भी लंबी दूरी की ट्रेनों में एक समय के बाद पानी की कमी हो जाती है। गर्मी के समय यात्री इस समस्या से खासे हलाकान हैं।

**ट्रेनों में बढ़ा पानी का संकट**-ट्रेनों में यात्री केवल गर्म पानी से ही परेशान नहीं हैं, उन्हें कई बार लंबी दूरी की ट्रेनों में पानी के गंभीर संकट से भी गुजरना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने की वजह से यात्री पानी का उपयोग अधिक करने लगे हैं। लू से बचने यात्री बार-बार मुंह धो रहे हैं। हाउसकीपिंग स्टॉफ ने बताया, कम स्टॉपेज वाली ट्रेन में पानी की दिक्कत बढ़ी है। ट्रेन में हर पांच घंटे में पानी खत्म हो रहा है। यात्रियों को मुंह धोने के लिए भी पानी बोतल खरीदना पड़ रहा है। हावड़ा से मुंबई तक एक दिन में 500 बोतल पानी की खपत हो रही है। ठंड में यह 200 से 300 तक थी। स्टेशन में एक दिन में 800 बोतल की खपत-गर्मी बढ़ने के बाद स्टेशन में भी पानी की खपत अब बढ़ने लगी है। जोन में रेलनीर की बोतलों की संख्या अप्रैल में बढ़ा दी गई है। प्लेटफार्म में जैसे ही ट्रेन रुकती है, यात्री पानी पीने नल के पास एकत्र हो जाते हैं। ठंडे पानी के लिए अब यात्रियों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है। हर दिन स्टेशन में पानी की खपत बढ़ने लगी है। एक दिन में स्टेशन में 500 से 800 तक पानी बोतलों की खपत हो रही है, जबकि सामान्य दिनों में यह 300 से 400 तक ही होती है। चूंकि सभी यात्रियों को नल से ठंडा पानी नहीं मिल पाता, इसलिए मजबूरी में यात्रियों को बोतल खरीदना पड़ता है।

### महादेव सट्टा एप...

भीम सिंह व अमित अग्रवाल आज किए जाएंगे कोर्ट में पेशः महादेव सट्टा ऐप मामले में जेल में बंद आरोपी अमित अग्रवाल और भीम सिंह को ईओडब्ल्यू 1 मई को कोर्ट में पेश करेगी। ईओडब्ल्यू दोनों आरोपियों से पूछताछ करेगी। इसके लिए कोर्ट में दोनों को रिमांड पर लेने के लिए अर्जी लगाए जाने की तैयारी है। संभवतः दोनों आरोपियों को कम से कम 5 दिन के लिए रिमांड पर लेने की मांग की जा सकती है।

### 25 सौ पन्नों का...

टिबरेवाल, सुरेंद्र बांगड़ी और अन्य 5 आरोपियों को भी फरार घोषित किया है। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने बताया कि इससे पहले फर्स्ट प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट पेश कर चुके हैं। सेकेंड सप्लीमेंट्री जमा की है। महादेव का जो पैसा आता था, उसकी एंट्री में प्रोवाइड करने के लिए फर्जी कंपनियों खोल रखी थीं। पैसा उन्हीं कंपनियों में रिसीव किया जाता था और उसकी लांड्रिंग करते थे।

### कुएं से पानी निकालते...

के कारण गरम हो गया था, जिसके कारण बेटे ने ठंडा पानी मांगा। रितु इसके बाद घर के चंद कदम दूर स्थित सार्वजनिक कुंए से पानी भरने गई। कुंए की बाउंड्री पर चढ़कर बाल्टी से पानी खींच रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह कुंए में जा गिरी। घटना के दौरान रितु का बेटा मौके पर ही मौजूद था। उसने तुरंत अपनी मां को बचाने के लिए शोर मचाया, जिसे देखकर आसपास मोहल्लेवासी वहां पहुंच गए, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाए। बताया जा रहा है कि रितु को तैरना नहीं आता था, इसलिए कुंए में गिरते ही वह पानी के अंदर चली गई। इधर वहां मौजूद लोग कुंए में कूदकर उसे बचाने का साहस नहीं कर पाए। हालांकि लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस को पहुंचने में भी करीब 20 मिनट लग गए, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने इसके बाद गोताखोरों की मदद लेकर महिला के शव को कुंए से बाहर निकालकर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डोंगरगढ़ सर्वाधिक गर्म...

जलन वाली धूप के साथ बड़ी गर्मी ने काफी परेशान किया। शहर में अप्रैल का महीना गर्मी के मामले में ठीक निकला है। रायपुर में 19 अप्रैल को तापमान 42.2, 20 अप्रैल को 42.8 तथा 30 अप्रैल को 42 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है, अभी तापमान में तेजी से वृद्धि नहीं होगी और ना गिरावट की स्थिति बनेगी। मौसम शुष्क रहेगा और गर्मी इसी तरह लोगों को परेशान करती रहेगी। 6 अप्रैल के बाद हवा की दिशा बदलने से मौसम में थोड़ा बदलाव होने की संभावना बन सकती है। आज डोंगरगढ़ का सर्वाधिक तापमान 43.4 दर्ज किया गया। बिलासपुर तथा दुर्ग का तापमान 42.4 तथा रायपुर का 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### ट्रैक सूट के लिए...

टेंडर के लिए कई लोगों और फर्म ने आवेदन भी किया। इसके बाद रविवि आगे की प्रक्रिया पूर्ण करना ही भूल गया। अगले माह सत्र समाप्त हो जाएगा और नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो जाएगी।

### पुराने कपड़ों का...

ऐसे भी रहे, जो कई वर्षों से विश्वविद्यालयीन खेलों का हिस्सा रहे हैं। ऐसे में इन छात्रों ने पिछले वर्ष मिले ट्रैक सूट और ब्लेजर से ही काम चलाया। वहीं जिन्होंने टेंडर भरा है, वे बार-बार विश्वविद्यालय का चक्कर आगे की प्रक्रिया जानने के लिए लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें भी निराशा ही हाथ लग रही है।

# खेड़ा की टिप्पणी से बढ़ी हलचल, ढूंढे जा रहे मायने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की मीडिया प्रभारी राधिका खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट की है, उससे हलचल बढ़ गई है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि कौशल्या माता के मायके में बेटी सुरक्षित नहीं है। पुरुषवादी मानसिकता से ग्रसित लोग आज भी बेटियों को पैरों तले कुचलना चाह रहे हैं, करूंगी खुलासा। उनकी पोस्ट को लेकर यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मंगलवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी सभा थी। वे रायपुर से जांजगीर-चांपा जिले जाने वाले थे। वे यहां से 1 बजे के करीब निकलने वाले थे, उसके पहले लगभग 1 घंटे का समय था, उसमें पत्रकारों से चर्चा की योजना बनाई गई। पीसीसी संचार विभाग ने सूचना भी जारी कर दी। बाद में यह पत्रकारवार्ता रद्द कर दी गई। कांग्रेस के पदाधिकारियों से इसे लेकर उनका विवाद हो गया। बताया जाता है कि श्री खड़गे का जो कार्यक्रम जारी हुआ था, उसमें जांजगीर के कार्यक्रम का ही जिक्र था। देर शाम राधिका खेड़ा ने एक्स पर जो पोस्ट डाली, उसके संबंध में लोगों का मानना है कि उन्होंने अपनी निजी भावनाओं को व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर कोई खुलासा होगा, इसे जोड़कर भी देखा जा रहा है।



## कैट का व्यापारियों से आग्रह शत-प्रतिशत करें मतदान


**रायपुर।** कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी की विशेष उपस्थिति में मंगलवार को कैट प्रदेश कार्यालय में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कैट राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने की। इस मौके पर कैट पदाधिकारियों ने प्रदेशभर के 12 लाख व्यापारियों से शत-प्रतिशत मतदान करने आग्रह किया। कैट के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, प्रदेश में लोकसभा चुनाव दो चरणों में हो चुका है। तीसरे चरण का चुनाव 7 मई को होने जा रहा है। इस चुनाव में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने और 100 फीसदी मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने सभी ने संकल्प लिया है।



## मतदान केंद्रों में व्यवस्था बनाने जुटा निगम

**रायपुर ।** निगम क्षेत्र के करीबन 750 मतदान केंद्रों में मतदान दलों के लिए टेबल - कुर्सियां लगाने का काम सोमवार से से प्रारंभ कर दिया गया है। साफ सफाई का कार्य भी वहां किया जा रहा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर शहर के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के क्षेत्रों का नाम लिखने का कार्य पूर्णता की ओर है। जिससे मतदाता इधर उधर ना भटककर अपने केंद्र में सीधे पहुंच सकें। इसके अलावा मतदान केंद्रों में प्रकाश तथा गर्मी से बचाव हेतु भी इंतजाम किया जा रहा है। जिली के बोर्ड जहां क्षतिग्रस्त हो गए हैं उनकी भी मरम्मत या नया बोर्ड लगाने का कार्य किया जा रहा है। मतदान दल अपने मोबाईल की चार्जिंग कर सकें इसका इंतजाम किया जा रहा है।




## शांता देशमुख ने 99 साल की उम्र में किया मतदान



**रायपुर।** टाटीबंद की उदया सोसाइटी निवासी 99 वर्षीय शांता चंद्रशेखर देशमुख ने मंगलवार को मतदान किया। मतदान अधिकारी दीपक सिंह राजपूत के नेतृत्व में मतदान दल सुबह सीएसईबी के सेवानिवृत्त अधिकारी शशिकांत देशमुख के घर पहुंचा। उनकी 99 वर्षीय माता शांता चंद्रशेखर देशमुख से मतदान कराने संबंधी चर्चा की। पुत्रवधू अदिति देशमुख के सहयोग से मतदान संपन्न कराया गया। उल्लेखनीय है कि शांता देशमुख ने देश की आजादी के प्रथम दिवस 15 अगस्त 1947 को महासमुंद के ग्राम बेलसोंडा में सबसे पहले तिरंगा फहराया था।



## खबर संक्षेप



### भाजपा में 30 युवा हुए शामिल

**तिल्दा नेवरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तिल्दा ग्रामीण मंडल के अंतर्गत ग्राम खम्हरिया, तारासिव,छतौद में युवा संपर्क, युवा चौपाल लगाई गई। दीपक वर्मा, कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में ग्राम खम्हरिया में भाजपा के एकात्मवाद,रीति और नीति से प्रभावित होकर 30 युवा भाजपा परिवार में शामिल हुए। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष फनेन्द्र भूषण वर्मा, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो गिरिश साहू, युवा चौपाल के सहप्रभारी दीपक वर्मा , भाजयुमो प्रभारी प्रियंक सोनी, डाकेश वर्मा एवं युवा मोर्चा के सदस्य मौजूद रहे।

### उत्साह के साथ मनाया विश्व सेवा-सत्संग दिवस

**रायपुर।** योग वेदांत सेवा समिति, रायपुर द्वारा वीआईपी रोड स्थित आश्रम 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस पर गरीब परिवार व जरूरतमंदों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही घरेलू उपयोग की जरूरत की सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन परिसर में आम जनता को भीषण गर्मी से बचाने निःशुल्क शीतल पलाश शरबत, छाछ का वितरण किया जा रहा है। यही नहीं, जलसेवा केन्द्र के माध्यम से प्यासों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। योग वेदांत सेवा समिति के प्रवक्ता रामा भाई ने बताया कि आज विश्व के सामने खड़ी अनेक समस्याओं का समाधान समाज की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने से ही संभव है। सद्गुरुदेव के अवतरण-दिवस को 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस के रूप में पिछले कई साल से साधक परिवार मनाता आ रहा है।

### रिटेल दवा दुकानों से भी होम डिलीवरी की सुविधा, ऑनलाइन फार्मेसी ने बदला ट्रेंड

**रायपुर।** ऑनलाइन फार्मेसी की वजह से प्रभावित दवा कारोबार को बचाने के लिए रिटेल दवा व्यापारियों ने भी व्यवसाय के तरीके में बदलाव कर दिया है। दवा की खरीदी पर अब लोगों को होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है। दवा व्यापारियों के संगठन द्वारा सभी दुकानदारों को इसे लागू करने कहा गया है।
दवा कारोबारियों द्वारा ऑनलाइन फार्मेसी का लगातार विरोध किया जा रहा है। उनका तर्क है कि इसकी वजह से काफी समय से चला आ रहा दवा कारोबार प्रभावित हो रहा है। फार्मेसी कंपनियां ऑनलाइन आर्डर पर संबंधित दवा घर पहुंचाकर लोगों को उपलब्ध कराती हैं।

# आत्मानंद स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, अंक सूची वितरण कर मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

स्वामी आत्मानंद स्कूल में वार्षिक परीक्षा का परिणाम एवं अंकसूची वितरण को उत्सव के रूप में मनाया गया। उत्सव में समस्त विद्यार्थियों को अंक सूची वितरित किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि तिल्दा नेवरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल शिक्षण समिति के सदस्य जैनेंद्र बघेल, सदस्य कमल नारायण वर्मा, सदस्य श्रीमती कौशल वर्मा एवं स्कूल के प्राचार्य श्रीमती अंबिका वर्मा द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर खूबचंद बघेल शिक्षण समिति के तत्वावधान में किया गया।

स्वामी आत्मानंद स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम को कई वर्षों से उत्सव के रूप में मना कर तथा समस्त विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को स्कूल में आमंत्रित कर तथा गुलाल लगाकर स्वागत स्वरुप वार्षिक परीक्षा परिणाम के अंक सूची को वितरित किया जाता है ।

प्राचार्य अंबिका वर्मा ने शुरुआत में स्कूल की पढ़ाई-लिखाई के बारे में प्रकाश डाला। वहां पर उपस्थित विद्यार्थियों के पढ़ाई के उच्च स्तर के परिणाम को लेकर शिक्षक शिक्षिकाओं का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष जैनेंद्र बघेल ने कहा कि सभी बच्चे को यह जानकारी होना चाहिए कि स्कूल के समय में जो शिक्षक पढ़ाते हैं, वह स्कूल के गुरु हुए। परंतु सब के प्रथम गुरु उनके माता-पिता होते हैं।

### जीवन का लालन- पालन करने वाले माता- पिता भी गुरु



#### माता-पिता की पूजा करें

*शिक्षा देने वाले एक गुरु हुए तथा जीवन का लालन पालन करने वाले माता-पिता दूसरे गुरु के रूप में पूजा जाना चाहिए । स्कूल के सदस्य कमल नारायण वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया अंत में आभार व्यक्त उप प्राचार्य मुरली मनोहर वर्मा द्वारा किया गया । इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों सहित उनके माता-पिता, शिक्षक शिक्षिकाएं सहित अन्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।*

## निरीक्षण : गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने के कार्य को देखा

# मुख्य अभियंता पहुंचे सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड, कहा- डेढ़ दशक से दबे कूड़ा करकट का जल्द करें निष्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगरीय निकाय विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता यूके ढालेंद्र मंगलवार को सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे। वहां उन्होंने डेढ़ दशक से डंप शहरभर के कूड़ा करकट के वैज्ञानिक निष्पादन कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों को कचरे के निपटान में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अभियंता ने चंदनीडीह एसटीपी के साथ ही शहर के भीतर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने के कार्य का निरीक्षण किया।

दरअसल, सरोना बचाओ संघर्ष समिति की ओर से खारुन नदी के किनारे स्थित सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड पर एक अरसे से शहरभर का कूड़ा करकट डंप किये जाने पर ऐतराज जताते हुए इससे खारुन का पानी प्रदूषित होने की संभावना जताते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई गई। हाईकोर्ट की ओर से इस मामले में रायपुर नगर निगम को खारुन नदी के आसपास डंप कूड़ा करकट को एक निश्चित समय सीमा में वैज्ञानिक तरीके से निष्पादित कराने आदेशित किया गया। नगर निगम ने शपथपत्र देकर सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट के वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने जिम्मेदारी ली। इस कार्य के लिए राज्य शासन द्वारा रायपुर नगर निगम को 18 करोड़ 12 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई।

इस कार्य के लिए शुरू में चार बार हुये टेंडर में एक भी कंपनी ने निविदा भरने दिलचस्पी नहीं ली। पांचवीं बार हुये ऑनलाइन टेंडर में रायगढ़ की कंपनी को जून 2023 में वर्कआर्डर दिया गया। 18 माह की समय अवधि में अनुबंधित एजेंसी को यह पूरा करना है। चूंकि बारिश के दौरान 2 महीने तक कचरा निष्पादन का कार्य प्रभावित रहेगा, ऐसे में ठेका एजेंसी को काम में तेजी लाने के निर्देश दिये गये हैं। निगम के अधिकारियों ने मुख्य अभियंता को अवगत कराया कि अनुबंधित एजेंसी ने 3 मशीनें स्पॉट पर कचरा छंटाई के लिए लगाई हैं। मुख्य अभियंता ने चंदनीडीह एसटीपी का भी अवलोकन किया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान सहायक नोडल अधिकारी योगेश कड़ू मौजूद थे।

### सुंदर नगर के ओम सोसाइटी में सफाई व्यवस्था का अवलोकन

नगरीय निकाय के मुख्य अभियंता ने पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित सुंदर नगर की ओम सोसाइटी में सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शहर के हर घर से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लिया जाए, जिससे इनका सही तरीके से सेग्रीग्रेशन हो सके। इस दौरान शहरभर में गीला और सूखा कचरा कलेक्शन के कार्यों के संबंध में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही ने उन्हें अवगत कराया।

# ग्रामीण अंचलों के मतदाताओं में दिख रहा गजब का उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग


■ नुक्कड़ नाटक, जागरुकता गीत आदि से कर रहे जागरूक

ग्राम सिवनी, तांदूल, छतौना, धमनी, नारा, संडी, भैसा आदि जगहों पर माताओं, बहनों एवं युवाओं के साथ–साथ बड़े बुजुर्गों में भी जागरुकता अभियान के प्रति बहुत उत्साह देखने में मिल रहा है।

जिला प्रशासन रायपुर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे के संयोजन में ग्रामीण अंचलों में एलईडी के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एलईडी स्क्रीन में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह का लोकतंत्र के प्रति प्रेरक उद्बोधन, निष्पक्ष एवं शत–प्रतिशत मतदान पर आधारित नुक्कड़ नाटक तथा मतदाता जागरुकता गीतों से आगामी लोकसभा चुनाव 7 मई में अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जैसे ही जागरुकता गाड़ी एलईडी के साथ पहुंचती है, ग्रामीण मतदाता स्वप्रेरित होकर एकत्रित हो जाते हैं। ज्ञात हो कि निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अफसर लगातार मतदान केंद्रों एवं चेक पोस्ट, एसएसटी प्वाइंट व उसकी व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। अनेक मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन एवं आदर्श मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। पंचायत सचिव, सेक्टर अधिकारी सभी सक्रिय हैं।

# साहू समाज ने मनाई भामाशाह की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

तहसील साहू समाज एवं तहसील युवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मंगलवार को दानवीर भामाशाह की 477वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाज सेवी मेघानाथ साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू सहित अन्य पदाधिकारियो ने दानवीर भामा शाह के जीवन पर प्रकाश डालते भामाशाह द्वारा देश प्रेम के लिए किये गये दान की महत्ता के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। सभा मे समाज विकास को गति देने, समाज को मजबूत बनाने एवं लोगों को भामाशाह बनने की अपील करते तहसील भवन के विकास एवं सुदृढ़ बनाने व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान जनपद अध्यक्ष देवनंदनी साहू,तहसील उपाध्यक्ष पहलाद साहू, तहसील अध्यक्ष ब्रह्मानंद साहू, कार्यकारिणी अध्यक्ष तुलेश्वर साहू, रतिराम साहू, परदेसी साहू, वीरेंद्र साहू, प्रेमलाल साहू, भेखराम साहू, चंद्रहास साहू, ओम प्रकाश साहू, मोहन साहू, वेदप्रकाश साहू, कमलनारायण साहू, नंदकुमार साहू, चुन्नू राम साहू, यशवन्त साहू, नारायण साहू, रामजी साहू, रमौतीन साहू, कुंती साहू एवं सामाजिक पदाधिकारीगण बड़ी संख्या मे मौजूद रहे।

# पटेवा में सरपंच सहित पंचों ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



लोकसभा चुनाव में जनसंपर्क के दौरान ग्राम पटेवा में अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू की उपस्थिती में ग्राम पंचायत पटेवा सरपंच भेनमति पाल, पूर्व सरपंच राजू पाल सहित अनेकों पंचो ने भाजपा में प्रवेश किया। विधायक श्री साहू द्वारा नवप्रवेशियों को भगवा गमछा पहनाकर भाजपा में प्रवेश कराया।

इस अवसर पर विधायक श्रीसाहू ने कहा कि भाजपा एक पार्टी नहीं एक परिवार है आज यह सभी किसी पार्टी में नहीं बल्कि देश के सबसे बड़े परिवार के साथ जुड़ रहे हैं। निश्चित रूप से यह सब भाजपा की अच्छी व सच्ची रणनीति का परिणाम है। विधायक ने भाजपा प्रवेश करने वाले नवप्रवेशी को बधाई देते स्वागत किया। भाजपा प्रवेश करने वालों में पटेवा सरपंच भेनमति पाल, पूर्व सरपंच राजू पाल, पंच मिथलेश साहू, तरुण ध्रुव, रुपेश कुमार साहू, राम श्याम शर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, कोमल तारक, शिवनारायण साहू, लक्की साहू, वेदप्रकाश साहू, सूरज साहू व मोरधु यादव शामिल है। इस दौरान महामंत्री नवल साहू, भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पूर्व पार्षद सौरभ जैन, विहिप नेता मुकुंद मेश्राम सहित आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# पेंशनरों के हित में बात करने वाले को ही देंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



■ छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक

कर्मचारी भवन तिल्दा में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की नियमित मासिक बैठक सम्पन्न हुई। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के महामंत्री अभिमन्यु वर्मा ने सबसे पहले बैठक के प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। आसन्न लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा हुई। पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के समस्त साथियों ने उनको मत देने की बातें कहीं जो पेंशनरों के हित की बात करेगा। लालूराम वर्मा, गोपाल प्रसाद वर्मा और रमेश कुमार वर्मा के जन्मदिवस होने पर संघ के अध्यक्ष रामावतार पांडेय ने उन्हें गुलाल लगाकर श्रीफल से सम्मानित किया। कवि एवं साहित्यकार गोपाल वर्मा ने अपनी सुमधुर कविता से सभी को आत्मविभोर कर दिया। यशवन्त कुमार वर्मा और आरके की कविता सराहनीय रही। बैठक में जवाहर लाल सिरमौर, रमेश कुमार वर्मा, उधो राम वर्मा, एस. के. ने अपनी बात रखी। बैठक में तुलसीराम वर्मा, घनश्याम वर्मा, एसएन गुप्ता,एसएस बैस, मालिकराम साहू,टीकाराम वर्मा, रघुनंदन लाल शांडिल्य, सूर्य दीन कुर्रे सहित कई अन्य साथियों ने अपनी उपस्थिति दी। आभार प्रदर्शन संघ के कोषाध्यक्ष जवाहर लाल सिरमौर ने किया।

# संजना ने कहा - मोदी राज में मंहगाई चरम सीमा पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



■ कांग्रेस प्रत्याशी विकास की धर्मपत्नी ने विभिन्न वार्डो में महिलाओं के साथ बैठक की

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय की धर्मपत्नी संजना उपाध्याय मंगलवार को तिल्दा में उपस्थित होकर वार्डो में महिलाओं के साथ बैठक की। संजना उपाध्याय सबसे पहले कृष्णा नगर कालोनी पहुंची जहां कृष्ण नगर की महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित थी। उनके साथ उन्होंने महिलाओ से चर्चा कर कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय को जिताने अपील की। तत्पश्चात वे पुरानी बस्ती तिल्दा पहुंची जहां महिला अध्यक्ष पार्वती बघेल के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 21 व 22 में रूपा चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। वार्ड क्रमांक 20 में के कृष्णा मूर्ति के नेतृत्व में भी महिलाओं की सभा ली गई। साथ ही वार्ड क्रमांक 4 में उपस्थित हुई। व महिलाओ की बैठक ली गई। इसी तरह से सासाहोली, सिंधी कैंप, नेवरा आदि में भी जाकर महिलाओं के साथ उन्होंने बैठक ली। और केंद्र सरकार की बढ़ती महंगाई और नाकामी के खिलाफ महिलाओं को बताई। साथ ही बीते कांग्रेस के भूपेश सरकार के कार्यकाल की बखान भी उनके द्वारा किया। कांग्रेस के भूपेश सरकार के 5 सालो में किस तरह विकास की गंगा बहाई गई। व योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बढ़ती महंगाई के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा की मोदी राज में मंहगाई अपने चरम पर है। काला धन आजतक वापस नही आ पाया, लोगों के खाते में 15 लाख आज तक नही आया।इस तरह उन्होंने मोदी सरकार की जमकर खिंचाई की। इस अवसर पर भारी संख्या में सभी महिलाओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया एवं उनकी बातों को सुना। महिलाओं की बैठक में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने भी महिलाओं को संबोधित की। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवा दास टंडन, लक्ष्मी नारायण वर्मा, प्रशांत गुप्ता, निर्मल सोनी, के कृष्ण मूर्ति, प्रमोद वर्मा, निर्मल सोनी, विजय हरिरामानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुए।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508133

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर छ.ग.**

**शपथ-पत्र**

मै दिनेश कुमार शार्दुल, आयु 43 वर्ष, पिता स्व. श्री श्यामलाल शार्दुल, निवासी- सिनीयर एम.आई.जी. 205, विजेता कॉम्पलेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ -
1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्त अनुसार सत्य एवं सही है ।
2. यह कि, मैं वर्तमान में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. में पदस्थ हूँ ।
3. यह कि, शासकीय सेवा पुस्तिका में मेरा नाम दिनेश कुमार दर्ज है ।
4. यह कि, वास्तव में मेरा सम्पूर्ण नाम दिनेश कुमार शार्दुल है, तथा लगभग सभी सुसंगत दस्तावेजो में मेरा नाम दिनेश कुमार शार्दुल दर्ज है ।
5. यह कि उक्त शपथपत्र उपरोक्त कथनो की सत्यता के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता

**सत्यापनः-**

मै दिनेश कुमार शार्दुल, आयु 43 वर्ष, पिता स्व. श्री श्यामलाल शार्दुल, यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 05 मे लिखी बातें सत्य एवं सही है अतः अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूँ ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 30.04.2024
सत्यापनकर्ता

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर छ.ग.**

**// शपथ-पत्र //**

मैं दिनेश कुमार शार्दुल, आयु 43 वर्ष, पिता स्व. श्री श्यामलाल शार्दुल, निवासी-सिनीयर एम.आई.जी. 205, विजेता कॉम्पलेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. व स्थायी पता- ग्राम दाड़िया, तह. व जिला कोंडागांव छ.ग. का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ -
1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्त अनुसार सत्य एवं सही है ।
2. यह कि, मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरी माता का नाम श्रीमती सोनबती शार्दुल, पिता श्यामलाल शार्दुल दर्ज है ।
3. यह कि, परंतु मेरे माता के आधार कार्ड, बैंक खाता व ऋण पुस्तिका व अन्य दस्तावेजो में मेरी माता का नाम भागवती शार्दुल, पति श्यामलाल शार्दुल दर्ज है।
4. यह कि, श्रीमती सोनबती शार्दुल व भागवती शार्दुल दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है, अर्थात मेरी माता का ही नाम है ।
5. यह कि, मेरे माता का सही व सत्य नाम भागवती शार्दुल है, तथा यही नाम ही मेरे समस्त दस्तावेजो में दर्ज श्रीमती सोनबती शार्दुल के स्थान पर श्रीमती भागवती शार्दुल दर्ज किया जावे व पढ़ व समझा जावे ।
6. यह कि, उक्त शपथपत्र उपरोक्त कथनो की सत्यता के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है, व दैनिक प्रकाशन हेतु प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता

**सत्यापनः-**

मैं दिनेश कुमार शार्दुल, आयु 43 वर्ष, पिता स्व. श्री श्यामलाल शार्दुल, यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 06 से लिखी बातें सत्य एवं सही है अतः अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूँ ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 30.04.2024
सत्यापनकर्ता
दिनेश कुमार शार्दुल

**आम सूचना का खण्डन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" के अंक दिनांक- 20.03.2024 मे श्री हितेन्द्र कश्यप (अधिवक्ता), रामजानकी सामुदायिक भवन, कुशालपुर, रायपुर छ.ग. द्वारा प्रकाशित आम सूचना का इस प्रकार खण्डन करता हूँ कि, मेरे उक्त पक्षकार मनीष कुमार कौशल बया, पिता श्री सुरेन्द्र कुमार कौशल बया के द्वारा ग्राम- आमदी, प.ह.नं.- 05, रा.नि.मं.- खोरपा, तह. अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. स्थित अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर क्रमशः 4, 5, 7/1, 7/2, 8, 9, 10/1, 10/2, 12/, 14, 21, 24, 25, 26, 28, 30, 32, 38, 40, 43, 56 रकबा 6.52 एकड़ को कभी भी किसी के पास विक्रय करने का कोई सौदा नहीं किया गया है ना ही किसी व्यक्ति से दिनांक- 18.03.2024 को कोई टोकन बयाना किया है।

अतः उक्त प्रकाशन दिनांक- 20.03.2024 झूठा एवं भ्रामक आम सूचना है जो कि मेरे उक्त पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं है तथा मेरा उक्त पक्षकार एक सीधा साधा ग्रामीण व्यक्ति है, जिसे उक्त आम सूचना के प्रकाशन की जानकारी ग्राम के अन्य व्यक्ति के द्वारा दिनांक - 22.04.2024 को दिया गया, इसलिये यह खण्डन आज प्रकाशित किया जा रहा है।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-30.04.24

भवदीय
आर.के. वर्मा (अधिवक्ता)
2348, लखन निवास, आई.टी.आई. कम्प्यूटर के सामने, बंगाली गली, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग.
मो. नंबर - 6267800998

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री आकाश मलिक पिता श्री रमेश मलिक निवासी बंजारी वार्ड क्रं. 09 पो. बीरगांव थाना खमतराई जिला रायपुर एवं कु. दिव्या बंजारे पिता श्री प्यारेलाल बंजारे निवासी ग्राम भुरकोनी ग्राम पंचायत छपोरा पो. मांढर कालोनी वार्ड क्रं. 18 थाना विधानसभा जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 22 मई, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 22 अप्रैल, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया ।

**अवधि 30 दिन से कम न हो**

मुहर
विवाह अधिकारी, रायपुर